

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-293 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**जांजगीर चांपा,22 जनवरी।** जिले में ग्रामीणों ने पानी की समस्या से तंग आकर प्रदर्शन का मार्ग अपनाया है, दरअसल जनपद पंचायत अकलतरा के बनाहिल गांव के ग्रामीण लंबे समय से पानी की कमी की समस्या से जूझ रहे है, ग्रामीणों ने कई बार जिला प्रशासन को इससे अवगत कराते हुए पत्राचार किया, लेकिन अब तक समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया, इसी कड़ी में गांव के सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर गए है। ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया है। जिससे सैकड़ों वाहनों के पहिए थम गए है। वहीं जिला प्रशासन के कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर अब तक नहीं पहुंचे है।

### सैफ अली खान मामले में जांच अधिकारी बदले गये

**मुंबई,22 जनवरी।** एक्टर सैफ अली खान के लीलावती अस्पताल से 6 दिन के बाद डिस्चार्ज होने से फैंस काफी खुश हैं. वहीं, अब सैफ के इस केस में बड़ा अपडेट आ गया है. इस केस की तफ्तीश करने वाले अधिकारी को बदल दिया गया है. सैफ अली खान का केस पहले पीआई रैंक के अधिकारी सुदर्शन गायकवाड़ देख रहे थे, लेकिन अब इस केस की कमान अजय लिंगानुरकर के हाथ में दे दी गई है.

### दो पक्षों में जमकर मारपीट एक युवक की मौत

**रायगढ़,22 जनवरी।** खरसिया में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट का मामला सामने आया है. इस घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. यह मामला खरसिया के मोहापाली का है. पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, गर्ग परिवार और अनु बुटीक परिवार वालों के बीच मामूली बात पर विवाद हुआ था. इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई. इस घटना में घायल अन्नू अग्रवाल की अस्पताल में मौत हो गई. वहीं घटना के बाद एक आरोपी चीनू अग्रवाल ने खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया. इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस पर राजनीति दबाव का आरोप लगाया है. मृतक अन्नू अग्रवाल का शव को लेकर परिजन न्याय पाने के लिए विरोध करने की तैयारी में हैं.

### रतनजोत के बीज खाने से 9 स्कूली बच्चे बीमार

**धमतरी,22 जनवरी।** जिले में रतनजोत के बीज खाने से 9 स्कूली बच्चे बीमार पड़ गए हैं. सभी बच्चों को आनन-फानन में ग्रामीणों ने धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां इलाज जारी है. अब बच्चों की हालत बेहतर बताई जा रही है. यह मामला सेमरा सी गांव का है. दरअसल मंगलवार को ये सभी बच्चे स्कूल से लौटते समय खेलते हुए रतनजोत के बीज खा लिए थे. इसके बाद रात में इनकी तबियत बिगड़ी. सभी को उल्टियां होने लगी. पूछताछ में बच्चों ने बताया कि कि उन्होंने रतनजोत के बीज खाए थे. इसके बाद सभी बच्चों को रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरो ने बताया कि इलाज के बाद सभी की हालत अब ठीक है. जल्द अस्पताल से छुट्टी भी दे दी जाएगी.

### मध्यप्रदेश में मिला लापता बैगा का शव

**कवर्धा,22जनवरी।** जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र से लापता महासिंग बैगा (सिंदूरखार) का शव मध्यप्रदेश के बजाक थाना क्षेत्र से बरामद हुआ है. जानकारी के अनुसार, महासिंग बैगा के शव को मिट्टी में गाड़कर उसके ऊपर गाय का शव रखा गया था, ताकि घटना को छुपाया जा सके. इस मामले में कबीरधाम पुलिस दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. उनकी निशानदेही पर शव को बरामद किया गया है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है.

## शादी के झगड़ों में पुरुष भी होते हैं क्रूरता का शिकार: हाईकोर्ट

**बेंगलुरु,22 जनवरी।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि शादी से जुड़े विवादों में पुरुष भी क्रूरता और उत्पीड़न का शिकार होते हैं। बेंच ने कहा कि यह बात सही है कि मुख्य तौर पर महिलाएं ही शादी के विवादों में प्रभावित होती हैं, लेकिन पुरुषों के खिलाफ भी क्रूरता होती है। इसलिए अब सोच को बदलने की जरूरत है। अब वह समय है, जब हम जेंडर न्यूट्रल समाज की बात करें। 7 जनवरी को पारित आदेश में जस्टिस सी. सुमालता ने महिला की केस ट्रांसफर की अर्जी खारिज कर दी। महिला का कहना था कि अदालत उसके घर से 130 किलोमीटर की दूरी पर है और मामले की सुनवाई के लिए उसे हर बार आने में मुश्किल होती है। इस पर अदालत ने कहा कि यह बात सही है कि महिला को असुविधा हो रही है। लेकिन केस ट्रांसफर हुआ तो पति को उससे भी ज्यादा परेशानी होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि दूसरी अदालत की दूरी और अधिक होगी। खासतौर पर पति को इसलिए भी मुश्किल होगी क्योंकि वह दो नाबालिग बच्चों की देखरेख भी कर रहे हैं। उन्हें छोड़कर दूर यात्रा करना उनके लिए मुश्किल होगा। इसी दौरान अदालत ने कहा कि शादी से जुड़े विवादों में पुरुष भी क्रूरता के शिकार होते हैं। इसके साथ ही अदालत ने संदेश दिया कि अब वक्त आ गया है, जब समाज को जेंडर न्यूट्रल होने के बारे में विचार करना होगा। बेंच ने कहा, %संवैधानिक तौर पर एक महिला को पुरुष के समान ही अधिकार मिले हैं। लेकिन सच यह है कि शादी से जुड़े विवादों में महिलाएं ज्यादा उत्पीड़न और क्रूरता का शिकार होती हैं। फिर एक सच यह भी है कि पुरुष भी महिलाओं की ओर से की गई क्रूरता के शिकार होते हैं। इसलिए आज जेंडर न्यूट्रल समाज की जरूरत है। ऐसे समाज की जरूरत इसलिए भी है ताकि लैंगिक भेदभाव से इतर मामलों को देखा जा सके।असल महिला ने हाई कोर्ट का रुख करते हुए मांग की थी कि फिलहाल उनका पति के साथ तलाक का जो मामला चिकमंगलुरु कोर्ट में चल रहा है, उसे शिवमोगा जिले में ट्रांसफर किया जाए। इस पर बेंच ने कहा कि आपके पति तो 9 और 7 साल के बच्चों की देखभाल कर रहे हैं। इसलिए केस का ट्रांसफर होने से उन्हें ज्यादा परेशानी होगी।



### नक्सलियों के हाईटेक ट्रेनिंग कैंप पर सुरक्षा बल का कब्जा

**बीजापुर,22 जनवरी।** मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया करने सुरक्षा बल के जवान लगातार कार्रवाई कर रहे. इसके चलते बस्तर में लगातार नक्सली संगठन कमजोर होता नजर रहा है. सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के हाईटेक ट्रेनिंग कैंप पर भी कब्जा कर लिया है. बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर स्थित भट्टिगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों ने हाईटेक ट्रेनिंग कैंप बना रखा था. मंगलवार को कोबरा बटालियन के जवानों ने ट्रेनिंग कैंप में धावा बोलकर कैंप को अपने कब्जे में लिया. साथ ही ट्रेनिंग कैंप में बने स्मारक को भी ध्वस्त कर दिया. नक्सलियों ने गंगनचुम्बी पेड़ों को भी ट्रेनिंग के लिए तैयार कर रखा था. ट्रेनिंग के लिए पक्के बैरक और झोपड़ियां बनाए गए थे, जिसे सुरक्षा बल के जवानों ने ध्वस्त किया.



## रायपुर लाए गए 14 नक्सलियों के शव

### पोस्टमार्टम से पहले पोर्टेबल मशीन से एक्स-रे

**रायपुर,22 जनवरी।** गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट जंगल में हुए मुठभेड़ में मारे गए सभी 14 नक्सलियों के शव रायपुर लाए गए हैं। सुबह 5 बजे के करीब इन शवों को रायपुर लाकर मेकाहारा अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। शवों का पोस्टमार्टम करने के लिए 22 डॉक्टरों की टीम बनाई गई है, जिसमें 12 मर्चुरी में तैनात डॉक्टरों के अलावा 10 अतिरिक्त डॉक्टर और 10 सफाईकर्मी भी सीएमएचओ से मांगे गए हैं। यह मर्चुरी में पहली बार होगा, जब इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस और प्रशासन ने शवों के पोस्टमार्टम को लेकर पूरी तैयारी की है, ताकि प्रक्रिया में कोई समस्या न हो। मारे गए नक्सलियों में कई सीनियर कमांडर भी शामिल हैं, जिनकी शिनाख्त का काम जारी है। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है और इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मेकाहारा अस्पताल की मोर्चरी में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन लाई गई है। नक्सलियों के शवों का एक्स-रे पहले किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शव में कोई धातु या विस्फोटक तो नहीं हैं। यदि एक्स-रे में कोई धातु या विस्फोटक तत्व पाए जाते हैं तो तुरंत बॉम्ब स्क्वॉड की टीम को बुलाया जाएगा। इसके बाद शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। यह प्रक्रिया नक्सलियों द्वारा अपने शवों में छिपाए गए किसी भी संभावित खतरे को पहचानने के लिए है। पुलिस और प्रशासन की यह पहल सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उठाई गई है।

**दामोदर-चलपती के मारे जाने से टूटी कमर-** ओडिशा के नुआपाड़ा जिले की सीमा पर स्थित गरियाबंद जिले में चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार शाम तक एक करोड़ के इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपति सहित 14 नक्सली ढेर कर दिए गए हैं। मूलतः आंध्र प्रदेश का निवासी 60 वर्षीय जयराम नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी का सदस्य व ओडिशा राज्य कमेटी का प्रभारी था। मुठभेड़ अभी जारी है। इसमें कोबरा बटालियन के नीरज कुमार व ओडिशा के जवान धर्मेंद्र भोई घायल हुए हैं। रायपुर के नारायणा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत स्थिर है। इसके पहले 16 जनवरी को भी छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए थे।

**दामोदर-चलपती का मारा जाना बहुत बड़ी सफलता-** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का जो लक्ष्य दिया था, उस ओर छत्तीसगढ़ सरकार ने तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। इस वर्ष की शुरुआत में ही नक्सल आंदोलन की कमर तोड़ दी है। छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सल आंदोलन की कमान संभाल रहे आईजीपी सुंदरराज ने दोनों नक्सलियों के मारे जाने को सुरक्षा बल की बड़ी सफलता बताया है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। गत वर्ष मुठभेड़ों में 60 से अधिक बड़े नक्सलियों को ढेर किया गया है। अब इन दोनों शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने से तेलंगाना और ओडिशा समेत छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को भारी क्षति हुई है। बीजापुर जिले के तेलंगाना सीमा से सटे पुजारी कांकेर क्षेत्र में 16 जनवरी को हुए मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बल को घटनास्थल से 12 शव मिले थे। यहां तेलंगाना स्टेट कमेटी सचिव 75 लाख के इनामी दामोदर सहित 18 नक्सलियों मारे गए थे।

## जल संचय जन भागीदारी अभियान में छग अव्वल

**रायपुर,22 जनवरी।** एक दिवसीय दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की. मंत्री कश्यप ने केंद्रीय मंत्री पाटिल को बस्तर के ढोकरा आर्ट से निर्मित हाथी और पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय भेंट की. इस दौरान केंद्रीय मंत्री पाटिल ने जल संचय जन भागीदारी अभियान, अप्रतिम कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी. गौरतलब है कि जल संचय जन भागीदारी अभियान में छत्तीसगढ़ पूरे देश में प्रथम स्थान पर है. इस अवसर केदार कश्यप ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से छत्तीसगढ़ में विभागीय उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी. प्रदेश में जल संसाधन विभाग की संभावनाओं को लेकर सार्थक चर्चा की गई. मंत्री कश्यप ने पाटिल को विभागीय कार्यों के अवलोकन व निरीक्षण के लिए छत्तीसगढ़ आने की बात कही.



### जीएसटी अफसर के बेटे ने की 36 लाख की ठगी

## युवती को बिटकॉइन ट्रेडिंग के नाम पर लगाया चूना,बंदी

**भिलाई,22 जनवरी।** बिटकॉइन ट्रेडिंग के नाम पर नागपुर के जीएसटी ऑफिसर के बेटे ने अपनी सीनियर से 36 लाख की ठगी की है. पहले छोटे इन्वेस्ट में प्रॉफिट दिया, फिर बड़ा अमाउंट लिया. पीड़िता की शिकायत पर दुर्ग पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को नागपुर से गिरफ्तार किया है. बता दें कि आरोपी के पिता छत्तीसगढ़ के कई जिलों में पदस्थ रह चुके हैं. पूरा मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है. दरअसल, स्मृति नगर जुनवानी निवासी वैष्णवी नायर ने 16 अगस्त 2024 को अपनी शिकायत में बताया कि वो साल 2016 में बीआईटी दुर्ग में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी. इस दौरान नागपुर के न्यू वसुंधरा सोसाइटी बेल तरोरी रोड के रहने वाले उसके जूनियर तनमय विनोद कोहड़ (28) से दोस्ती हुई. वैष्णवी इंजीनियरिंग करने के बाद आईटी कंपनी पुणे में जॉब करने लगी. 2019 में अचानक एक दिन तनमय का फोन आया और कहा कि उसने इंजीनियरिंग पूरी कर ली है. डिग्री लेने आया है. उनके ऑफिस में कोई जॉब है क्या ? इस पर वैष्णवी ने कहा कि जॉब होगी तो उसे बताएगी. इस दौरान तनमय ने कहा कि, एक बिटकॉइन ऑनलाइन ट्रेडिंग का गेम है. उसमें अच्छा रिटर्न मिलता है। उसने वैष्णवी से फोन पर बात करते समय 7800 रुपए लेकर उसमें इन्वेस्ट करा दिया. कुछ दिन बाद उसने रिटर्न के रूप में वैष्णवी को 6500 रुपए का प्रॉफिट दिया. इससे वैष्णवी उसके बातों में आ गई. तनमय ने वैष्णवी से कहा कि, इसमें बड़ा इन्वेस्ट करोगी तो बड़ा फायदा होगा। पैसे रिटर्न की गारंटी मेरी. वैष्णवी ने उसके खाते में 10 अगस्त 2020 से लेकर 28 अप्रैल 2022 के बीच 3 ट्रांजेक्शन में 73051 रुपए, 510362 और 3031299 रुपए डाल दिए. जब वैष्णवी ने अपना रिटर्न मांगा तो तनमय उसे घुमाने लगा।

## अमरकंटक मार्ग पर बाघिन दिखने से इलाके में दहशत

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,22 जनवरी।** छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा पर गौरेला से अमरकंटक मार्ग पर स्थित ज्वालेश्वर महादेव के आसपास बाघिन दिखने से इलाके में दहशत है. बताया जा रहा कि बीते चार दिनों से मंदिर परिसर के आसपास बाघिन घूम रही है. कई मवेशियों का शिकार भी कर चुकी है. बाघिन का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा. सड़क पर आते-जाते राहगीरों ने बाघिन का वीडियो बनाया है. वीडियो में बाघिन गौरेला ज्वालेश्वर मंदिर के मुख्य मार्ग पर ही घूम रही है. मवेशियों के शिकार किए जाने के बाद मंदिर परिसर और आसपास के गांवों में बाघिन को लेकर डर का माहौल है. लोग अपने काम धंधा छोड़कर घर में रहने को मजबूर हैं. छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती क्षेत्र में बड़ी संख्या में सैलानी भी आते हैं. बाघिन दिखने से सैलानियों में भी दहशत है. इसकी सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की वन विभाग की टीम बाघिन की लगातार मानिटरिंग कर रही है.



## आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया : नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली,22 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का भरोसा जताया है। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत हजारों बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने उन्हें 'बड़ी जीत' के लिए दो टारगेट दिए हैं। प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी के नारे फिर आएंगे केजरीवाल पर बड़ा तंज कसते हुए कहा कि ये कह रहे हैं कि फिर आएंगे, पर जनता कह रही है कि फिर खाएंगे। उन्होंने शीशहल को लेकर भी निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में संगठन की ताकत, हर बूथ पर तीन-तीन, चार-चार पीढ़ी के कार्यकर्ता हैं, यह शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी। मोदी ने कहा कि इस चुनाव में सिर्फ विजय काफी नहीं हैं, बल्कि हर बूथ पर दो लक्ष्य के साथ काम करना चाहिए। पीएम ने कहा कि पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे, पिछले 10 साल में जितना मतदान हुआ है, उससे ज्यादा मतदान हमारे बूथ में होगा। उन्होंने दूसरा लक्ष्य यह दिया कि हर बूथ पर भाजपा को 50 फीसदी से ज्यादा वोट कैसे मिले, इसके लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है, उनकी दुआएं लेनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली वाले आप वालों की आप-दा और उनके झूठ और फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आप-दा वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि उनको रोज पराजय की नई-नई खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ रही है। लेकिन अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गई है।



## ट्रंप के नए मंत्री के साथ बैठक कर जयशंकर ने चीन को दिया सख्त संदेश

**वाशिंगटन,22 जनवरी।** विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अमेरिका में ट्रंप सरकार के साथ पहली बार बातचीत की है। ट्रंप के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ उनकी ये पहली द्विपक्षीय बैठक थी। जिसमें भारत और अमेरिका के संबंधों को लेकर बात हुई। इस मुलाकात के दौरान टेक्नोलॉजी, डिफेंस और एनर्जी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई है। मीटिंग के दौरान द्विपक्षीय साझेदारी की भी समीक्षा की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह के बाद भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की अमेरिका में एक के बाद एक बड़ी बैठक शुरू हो गई। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर केवल मेहमान के तौर पर शपथग्रहण समारोह का हिस्सा बनने के लिए नहीं पहुंचे थे बल्कि ट्रंप की नई सरकार और उनकी टीम के साथ एक अहम मीटिंग करने के लिए पहुंचे थे। भारत अमेरिका के संबंधों और इसके अलावा वैश्विक मुद्दों को लेकर अमेरिका की नई सरकार के साथ भारत की चर्चा बहुत खास थी। ये भारत की ताकत को भी दिखाता है। जिस वक्त अमेरिका में दुनियाभर से आए मेहमानों की मौजूदगी है। तब सबसे ज्यादा प्राथमिकता क्वाड के विदेश मंत्रियों और भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर को दी गई। सबसे पहले तो एस जयशंकर की द्विपक्षीय वार्ता ट्रंप के मंत्रियों के साथ हुई। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अमेरिका के नए विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अमेरिका में ट्रंप सरकार के साथ पहली बार बातचीत की है। ट्रंप के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ उनकी ये पहली द्विपक्षीय बैठक थी। जिसमें भारत और अमेरिका के संबंधों को लेकर बात हुई। इस मुलाकात के दौरान टेक्नोलॉजी, डिफेंस और एनर्जी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई है। मीटिंग के दौरान द्विपक्षीय साझेदारी की भी समीक्षा की गई है। चीन की बढ़ती मुखरता और आक्रामकता पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके पूर्ववर्तियों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। बैठक ट्रंप के कार्यकाल के पहले दिन और रूबियो के अमेरिका के शीर्ष राजनयिक के रूप में शपथ लेने के कुछ ही घंटों बाद हुई। इससे स्पष्ट होता है कि 'क्वाड' ट्रंप के लिए प्राथमिकता बनी रहेगी। विदेश मंत्री ने अमेरिका के नए सिक्योरिटी एडवाइजर माइकल वाल्ज से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री जयशंकर ने दोनों के साथ मुलाकात से जुड़ी तस्वीरें एक्स पर भी पोस्ट की हैं। आपको बता दें कि क्वाड की स्थापना 2007 में उन देशों को साथ लाने के लिए की गई थी, जिन्होंने 2004 में हिंद महासागर में आए विनाशकारी भूकंप और सुनामी की प्रतिक्रिया में मिलकर काम किया था। इसके सदस्य इसकी कूटनीतिक प्रकृति और क्षेत्रीय मुद्दों पर व्यापक ध्यान केंद्रित करने पर जोर देते हैं,



## शारीरिक चोटों का न होना अपराध नहीं होने की पुष्टि नहीं करता है: सुको

**नई दिल्ली,22 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में यह स्पष्ट किया है कि यौन उत्पीड़न के मामले में शारीरिक चोटों का न होना अपराध नहीं होने की पुष्टि नहीं करता है। साथ ही देश की सर्वोच्च अदालत ने यह भी साफ कहा है कि यह भी जरूरी नहीं है कि पीड़िता शोर मचाए या चिल्लाए। कोर्ट का मानना है कि ऐसे मामलों में पीड़ितों की प्रतिक्रिया विभिन्न परिस्थितियों पर निर्भर करती है। अदालत ने यह भी कहा कि यौन उत्पीड़न से जुड़ी सामाजिक कलंक और डर पीड़िता की ओर से घटना को उजागर करने में महत्वपूर्ण बाधाएं उत्पन्न करती हैं। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टि की बेंच ने कहा, यह एक सामान्य मिथक है कि यौन उत्पीड़न से शारीरिक चोटें होनी चाहिए। पीड़िता विभिन्न तरीकों से मानसिक आघात का सामना करते हैं। भय, आघात, सामाजिक कलंक, या असहायता जैसी भावनाओं से वह प्रभावित हो सकती है। यह न तो वास्तविक है और न ही उचित है कि हम एक समान प्रतिक्रिया हर केस में उम्मीद करें। यौन उत्पीड़न से जुड़ा कलंक अक्सर महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करता है, जिससे उनके लिए घटना को दूसरों से साझा करना मुश्किल हो जाता है। अदालत ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के हैंडबुक ऑन जेंडर स्टिरियोटाइप्स (2023) का हवाला देते हुए कहा, ÷अलग-अलग लोग आघातपूर्ण घटनाओं पर अलग-अलग तरीके से प्रतिक्रिया करते हैं। उदाहरण के लिए एक व्यक्ति अपने माता-पिता की मृत्यु पर सार्वजनिक रूप से रो सकता है, जबकि दूसरा व्यक्ति उसी स्थिति में सार्वजनिक रूप से कोई भावना नहीं दिखा सकता। इसी तरह एक महिला का यौन उत्पीड़न या बलात्कार पर प्रतिक्रिया उसके व्यक्तिगत लक्षणों पर निर्भर कर सकती है। इस मामले में एक जैसा कोई सही या उचित तरीका नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में आरोपी की सजा को निरस्त कर दिया, जिसमें एक लड़की को कथित रूप से अपहरण कर शादी के लिए ले जाने का आरोप था। आरोपी दलिप कुमार उर्फ डली ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के 29 मार्च 2013 के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने आईपीसी की धाराओं 363 और 366ए के तहत आरोपी को दोषी ठहराया था। 1998 में दर्ज की गई एफआईआर में शुरू में आरोपी का नाम नहीं था, लेकिन बाद में उसे अन्य आरोपियों के साथ धारा 363, 366ए, 366, 376 के साथ 149 और 368 के तहत आरोपित किया गया। सत्र अदालत ने आरोपी को गंभीर आरोपों से मुक्त कर दिया, लेकिन दलिप कुमार और एक अन्य आरोपी को धारा 363 और 366ए के तहत दोषी ठहराया। बेंच ने बताया कि पीड़िता की गवाही सबसे महत्वपूर्ण सबूत थी। पीड़िता ने अपने बयान में कहा कि आरोपी के साथ उसकी शादी को लेकर बातचीत हो रही थी, जिसे उसके पिता ने जाति के आधार पर नकारा। पीड़िता ने क्रॉस-एग्जामिनेशन में यह स्पष्ट रूप से कहा कि उसने आरोपी के साथ स्वेच्छा से जाने का निर्णय लिया था। इस दौरान पीड़िता की छोटी बहन सरिता ने उसे स्कूल के पास आरोपी के साथ जाते देखा था, लेकिन उसे गवाही में पेश नहीं किया गया था। इसके अलावा, अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि एफआईआर 18 मार्च 1998 को दर्ज होने के बाद अगले दिन 19 मार्च को शाम 7 बजे दर्ज की गई थी, जबकि घटना का समय 3.00 बजे था। अदालत ने मेडिकल साक्ष्य का भी संदर्भ लिया। डॉक्टर ने पीड़िता का परीक्षण किया और कोई शारीरिक चोट या सूजन नहीं पाई। पीड़िता को शारीरिक रूप से सामान्य माना गया और यौन उत्पीड़न का कोई प्रमाण नहीं मिला। डॉक्टर ने यह भी कहा कि पीड़िता की आयु 16 से 18 वर्ष के बीच थी।



# सड़क है मानव जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग : पुनीत चौबे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 जनवरी।** द इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई लोकल सेंटर द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर इंजिनियर्स भवन सिविक सेंटर में सड़क सुरक्षा एवं अभियंताओं की भूमिका विषय पर एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिजीत कुमार, आई ई एस, रीजनल ऑफिसर, सड़क परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार थे। विशिष्ट अतिथि मिथिलेश कुमार देशमुख, पूर्व निदेशक, अभियांत्रिकी मेकान रांची थे। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता के रूप में, एन आई टी रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ सनी देओल जी एवं हृदय मोहन, पूर्व अधिशासी निदेशक सेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। मुख्य अतिथि अभिजीत कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व में भारत में हाईवे नेटवर्क का विकास सबसे तेजी से हो रहा है। उन्होंने भारत में सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु में मानवीय भूल, सड़क की स्थिति एवं वाहन की स्थिति को प्रमुख कारक



बताया। कुमार ने सड़क दुर्घटना के आंकड़ों की रिपोर्टिंग और विश्लेषण के लिए भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय की पहल ई डार एवं आई रेड की भी विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। अतिथि वक्ता प्रोफेसर सनी देओल ने अपने प्रस्तुतिकरण में सड़क की योजना, उसकी डिजाइन, और सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। देओल ने कहा कि विश्व के सभी देशों में सड़क सुरक्षा से जुड़े मुख्यतः पांच बिंदुओं - वाहन की गति, नशे में वाहन चालन, हेलमेट, सीट बेल्ट और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर नियम और कानून बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन भी देशों में इस बारे में कठोर कानून और उनका प्रभावी क्रियान्वयन है वहां सड़क दुर्घटनाओं का औसत कम हुआ है। विशिष्ट अतिथि मिथिलेश कुमार देशमुख, पूर्व निदेशक, मेकान, रांची ने कहा कि सड़क निर्माण में उसकी डिज़ाइन और गुणवत्ता दोनो बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि माननीय सड़क परिवहन मंत्री द्वारा दोषपूर्ण सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बनाया जाने और सड़क ठेकेदारों और इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे जुडी अन्य एजेंसीज को भी इसके दायरे में लेना चाहिए। अतिथि वक्ता हृदय मोहन, पूर्व अधिशासी निदेशक, सेल ने अपने उदबोधन में कहा कि सड़क उपयोगकर्ताओं में अनुशासन की बहुत कमी है जिसकी वजह से दुर्घटना होती है। अपने स्वागत भाषण में द इंस्टीट्यूशन आफइंजिनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने कहा कि में सड़क मानव जीवन का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक विश्व में जैसे जल और बिजली की भूमिका वैसे ही सड़क के बिना जीवन अत्यंत कठिन है। चाहे मरीज को अस्पताल पहुंचना हो, बच्चों को स्कूल जाना हो, एक शहर से दुसरे शहर जाना हो, लोगों को अपने कार्यस्थल पर जाना हो सड़क के बिना यह बहुत मुश्किल है। चौबे ने कहा प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में अनेक मौते होती हैं और बहुत लोग अपंगता का शिकार हो जाते हैं । उन्होंने कहा कि चाहे सड़क का निर्माण हो या उस पर चलने वाले वाहनों का उत्पादन दोनों में अभियंताओं कि भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सड़क परिवहन मंत्रालय रायपुर, भिलाई इस्पात संयंत्र, एन एस पी सी एल एवं राज्य शासन के अधिकारी, संस्था के पूर्व अध्यक्ष बी पी यादव, संस्था के सम्मानित सदस्यगण, इंजीनियरिंग कॉलेज, दुर्ग पॉलीटेक्निक के संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अर्चित तिवारी ने दिया।

## एक नजर

### दो पार्टनरों में मारपीट,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 22 जनवरी।** भिलाई कोचिंग के हिसाब किताब को लेकर दो पार्टनर में मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर चार के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2)3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सिविक सेंटर भिलाई में रितेश कुमार चौरे और कैलाश चंद्रवंशी दोनों का आईआईटीए ग्रुप कोचिंग पार्टनरशिप में संचालित करते हैं। कोचिंग में रितेश का 60 प्रतिशत और कैलाश का 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है कैलाश चंद्रवंशी द्वारा पिछले लेनदेन के हिसाब को लेकर रितेश पर झूठे आरोप लगाकर अपने भाइयों से अवैध वसूली करवाना चाहता है। कोचिंग के हिसाब को लेकर 18 जनवरी 2024 को दोनों पारिवार में बीच बैठक हुआ था। जिसमें विवाद का सुलह करवाया गया था। जहां सभी की देनदारी हो गई थी दोनों ने मिलकर स्वीकार किया था कि पिछला आय का लेनदेन शून्य रखकर कोचिंग को दोबारा शुरु करेगें। लेकिन कैलाश ने अपने भाई तारन चंद्रवंशी को 10 लाख रुपए के बदले 40 लाख के लिए रितेश पर दबाव डालकर वसूला गया। उसके बाद आय व्यय को लेकर दोनों को समझाइश दी गई वर्ष 2024 को कोचिंग लास में चलने लगी थी रितेश ने पुलिस को बताया कि लेनदेन के मामले को लेकर परिवार में बैठ कर सुलझा लिया गया था फिर कैलाश व रितेश के साथ कोचिंग में बैठकर हिसाब किताब चल ही रहा था। तभी प्रकाश चंद्रवंशी, तारन चंद्रवंशी, फलकु राम चन्द्रवंशी ने रितेश कुमार चौरे से मारपीट करना शुरु कर दिया इसके अलावा चारों ने जातिगत गाली गलौज करना शुरु कर दिया चारों ने रितेश का गला दबाने का भी प्रयास किया जिसका वीडियों फुटेज सीसीटीवी में पड़ा हुआ है पीड़ित सिद्धार्थ चौरे अजाक्स राजनांदगांव का जिला अध्यक्ष है मारपीट की घटना उनके बेटे रितेश चौरे के साथ हुई है तारन चंद्रवंशी ने घटना के पूर्व भी कोचिंग बंद करवाने और रितेश को बर्बाद करने तक की धमकी दे चुका है कोचिंग के शिक्षकों को भी कैलाश राह पर धमकी दे चुका है इस तरह चारों की दबंगई बेखौफ तरीके से चल रही है।

### हत्या के आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 22 जनवरी।** भिलाई दिव्यांग लालदास चतुर्वेदी की हत्या करने वाले तीन नाबालिग सहित चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामूली सी बात पर विवाद हुआ। विवाद बढ़ा और चार लोगों ने मिलकर दिव्यांग की हत्या कर लाश तालाब में फेंक दिया था। पुलिस ने मोबाइल व ई रिक्शा बरामद कर लिया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई थी 16 जनवरी की शाम कुर्मी भवन सुपेला के पास लाल दास के साथ कुछ युवकों को मारपीट करते देखा गया था। इसमें एक युवक की पहचान आदतन बदमाश कोसा नगर निवासी आशीष बागड़े( 25 वर्ष) के रुप में हुई। पुलिस ने आशीष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपने तीन नाबालिग साथियों के साथ हत्या करना स्वीकार कर लिया। बताया कि मामूली बात पर झगड़ा हुआ, फिर सभी ने मिलकर लाल दास को बेदम पीट दिया। जब लाल दास मर गया तब उसकी लाश को तालाब में फेंक दिया गया पुलिस जांच के दौरान मृतक सहित चारों आरोपियों का मोबाइल घटना दिनांक के समय एक ही टावर लोकेशन बता रहा था। मोबाइल घटना स्थल तक भी गए। एक साथ वापस भी आए मृतक के मोबाइल को एक नाबालिग ने अपने पास रख लिया था। पूछताछ में उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने ई रिक्शा व मोबाइल बरामद कर लिया है यह था पूरा मामला कोसानगर निवासी लाल दास चतुर्वेदी( 45 वर्ष ) 16 जनवरी से गायब था। 17 परिजनों ने गुम इंसान का मामला दर्ज कराया। 18 जनवरी को लाल दास की लाश कुटेला भाठा तालाब में तैरती मिली। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। यह भी बताया कि तीन से चार लोगों को लाल दास के साथ मारपीट करते कुछ लोगों ने देखा था। दो दिन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई। जिसमें मौत का कारण गले व छाती पर चोट का निशाना को बताया गया। लिहाजा सुपेला पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बाद से मृतक का मोबाइल व ई रिक्शा गायब था।

### जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र निकालेगा टीबी उन्मूलन रैली

**भिलाई, 22 जनवरी।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई द्वारा 23 जनवरी को शाम 5:30 बजे टीबी उन्मूलन रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह जागरूकता रैली भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा टीबी उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय सघन अभियान के अंतर्गत चलाई जा रही है।

### कलेक्टर ने शिशु संरक्षण माह द्वितीय चरण का शुभारंभ किया

**दुर्ग, 22 जनवरी ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला स्तर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोटियाकला में शिशु संरक्षण माह द्वितीय चरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक श्री संजीव दुबे, अस्पताल के समस्त चिकित्सा अधिकारी, आरएमएनसीएच ए कंसल्टेंट श्रीमती शोभिका गजपाल, एवं अन्य जिला स्तर के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# बीएसपी अफसर से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 21 लाख की ठगी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 जनवरी** भिलाई स्टील प्लांट के एक अफसर से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर अधिक लाभ का लालच देकर 21 लाख रुपए से अधिक की ठगी की है। पीड़ित ने शेयर खरीदने के लिए वाट्सअप ग्रुप और फोन पर आई कॉल पर दिए गए इंस्ट्रक्शंस पर एक महीने के भीतर अलग-अलग बैंक खातों में कुल 21 लाख 8 हजार 640 रूपये ट्रांसफर किए हैं। 23 दिसंबर से 10 जनवरी 2025 तक हुए रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318(4) के तहत अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रशियन काम्पलेक्स सेक्टर-7 भिलाई निवासी पांडेय चरण राउल (53 साल ) भिलाई स्टील प्लाट में नौकरी करते हैं। 13 दिसंबर को उनके मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि वह आदित्य बिरला ग्रुप का सेबी से रजिस्टर्ड क्वालीफाईड इंस्टीट्यूशनल बायर्स है और शेयर ट्रेडिंग का काम करता है। कॉलर ने राउल से आनलाईन शेयर ट्रेडिंग पर रूपये इनवेस्ट करने को बोला लेकिन उन्होंने मना कर दिया। दो दिन बाद आर्या आनंद नामक व्यक्ति ने राउल को फोन कर खुद को आदित्य बिरला ग्रुप से रजिस्टर्ड बताते हुए कहा कि वे कंपनी से कम रेट में शेयर खरीद कर अपने मेम्बर को बेचते हैं ताकि वो प्रोफिट कमा सकें। उसने राउल को एक वाट्सअप ग्रुप से जोड़ा, जिसमें एक लिंक भेज कर आनलाईन एकाउंट खोलने के लिए कहा गया था राउल ने लिंक पर क्लिंक कर अपनी डिटेल्स भर के आन लाईन एकाउंट खोला इसके बाद उन्हें एक ऐप का लिंक डाउनलोड कराया गया 23 दिसंबर को फोन कर बीएसपी अफसर को आईसीआईसीआई बैंक के एकाउंट नंबर में साढ़े 3 लाख जमा करवाए गए 24 दिसंबर को पुनः उसी मोबाईल धारक द्वारा फोन कर 2 लाख जमा कर शेयर खरीदने के लिये कहा गया 30 दिसंबर 2024 को फिर फोन कर आईडीएफसी बैंक के एक एकाउंट में 9 लाख जमा कर शेयर खरीदने के लिये कहा गया। सारे इंस्ट्रक्शंस और ऑफर राउल फॉलो कर रूपये ट्रांसफर करते रहे। 10 जनवरी 2025 को पुन उनसे आईडीएफसी बैंक के एक एकाउंट में 6 लाख 58 हजार 640 रूपये जमा करवाए गए। अब तक राउल शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर लाभ कमाने के नाम पर 21 लाख से अधिक रूपये ट्रांसफर कर चुके हैं अज्ञात धारकों के मोबाइल पर बात न होने तथा ट्रेडिंग का कोई लाभ प्राप्त न होने पर उन्होंने थाना का रूख कर कंप्लेन रजिस्टर करवाई है तमाम ट्रांजेक्शंस के आधार पर उनकी शिकायत दर्ज कर जांच की जा रही है ।

# विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**उतई, 22 जनवरी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा जी के दिशा निर्देश पर पाटन ब्लॉक के ग्राम कौही में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू अध्यक्षता रमन टिकरिहा सभापति जप पाटन विशेष अतिथि सरपंच मनोरमा टिकरिहा उपस्थिति रही कबड्डी में प्रथम स्थान देवरी की टीम द्वितीय स्थान पर सिलतरा की टीम वही 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम एकता यादव द्वितीय दीक्षा यादव तृतीय कीर्ति यादव रही100 मीटर दौड़ बालक वर्ग प्रथम सामंत निषाद, द्वितीय छत्रपाल पटेल, तृतीय बसंत नेताम रहा रस्साकस्सी में प्रथम स्थान में मधु मरकाम की टीम और शिवानी साहू की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया रूपनारायण इस अवसर पर विभिन्न युवा मंडल के युवा टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया कार्यक्रम सफल बनाने में पूर्व एवं समिति सलाहकार ढाल सिंह साहू ,चंदन कुमार, भगवान सिंह निषाद ,कमलेश्वर यादव, ठाकुर राम,मिथलेश ठाकुर,जय बजरंग युवा क्लब एवं समस्त ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा।



**कवर्धा।** समोसा बेचने वाले अजय पाली ने नगर पालिका अध्यक्ष के लिए सर्वप्रथम फार्म खरीदा है ।

## केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भिलाई, 21 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (बीएसपी) से डॉ एम सरस्वती, फार्मासिस्ट सुश्री सुसन जैकब व सुश्री प्रभा सैमुअल एवं पंजीयन हेतु शंभू दयाल उपस्थित थे।

## सेल के निदेशक ने संयंत्र के अधिकारियों के साथ की बैठक



**भिलाई, 22 जनवरी।** सेल के निदेशक (कार्मिक) के के सिंह ने इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। इस बैठक में सेल और संयंत्र के विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया और सारगर्भित चर्चा की गई। बैठक में सेल निगमित कार्यालय से आए कार्यपालक निदेशक बी एस पोपली, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक डॉ एम रवींद्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। इस बैठक में सर्वप्रथम संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने स्वागत किया। नई दिल्ली के निगमित कार्यालय से आए हुए महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मुकेश कुमार ने सेल की मानव संसाधन गतिविधियों और लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए एक प्रस्तुतिकरण दिया।

# कर्म के फल के आधार पर चल रहा है सृष्टि-चक्र : राजयोगिनी चन्द्रिका



**भिलाई, 22 जनवरी।** परमात्मा संपूर्ण है,तो इस शरीर द्वारा कार्य कराने वाली मैं आत्मा परमात्मा की संतान सर्व शक्तियों से संपन्न हूं। समान,सम्पूर्ण, सतोप्रधान स्थिति को धारण करने संकल्पबद्ध होना है। यह बातें अहमदाबाद से आई युवा, कला एवं संस्कृति प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी चन्द्रिका दीदी ने सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कही। जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि के बारे में आपने बताया कि दूसरों को भी परमात्मा की संतान देखने का अभ्यास करना है, ये श्रेष्ठ संपन्न सम्पूर्ण आत्मा है। जितना दूसरों के श्रेष्ठ स्वरूप को देखेंगे उतनी ज्यादा श्रेष्ठता दिव्यता स्वयं में आयेगी। हमें भगवान की नजरों से सबमें अच्छाई देखना है। परमात्मा सदा हमारे साथ रहने के लिए जन्म मरण में नहीं आता। इसलिए सदा शिव है। वो मेरे लिए सदा हाजिर है। दिल से कहो तो हमारी हर बात सुनेगा। सृष्टि चक्र रूपी ड्रामा में निश्चय रखें यह सबके लिए न्यायकारी, कल्याणकारी,एक्यूरेट, पॉजिटिव, परफेक्ट है। जो हो गया अच्छा, जो भी हो रहा है बहुत अच्छा, जो होने वाला है बहुत बहुत अच्छा क्योंकि सृष्टि चक्र रूपी ड्रामा परफेक्ट, पॉजिटिव है। सृष्टि चक्र कर्म के फल के आधार पर चल रहा है। इस जीवन में एग्जाम भी खुद दो, पेपर भी खुद चेक करो, नंबर भी खुद दो तब स्वयं में परिवर्तन होगा। सम्पूर्ण सकारात्मक व्यक्तित्व के लिए आपने कहा कि भूतकाल,वर्तमान भविष्य के लिए सदा पॉजिटिव रहें। जीवन में छोटी बड़ी भूलो से शिक्षा लेकर सतर्क रहें ।

पॉजिटिव संकल्प में इतनी ताकत होती है, वो सब कुछ ठीक कर देता है। मेरा आज अच्छा है तो कल अच्छा ही अच्छा है, वर्तमान के आधार पर भविष्य बनता है। नेगेटिविटी का लीकेज आया तो गए काम से इसलिए तीनों कालों के लिए सदा कंप्लीट पॉजिटिव रहे। आपने सभी को अच्छी बातों को जीवन में तुरंत आत्मसात् करने की दृढ़ प्रतिज्ञा कराई। डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया । इस अवसर पर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी हेमलता दीदी ने चन्द्रिका दीदी का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि राजयोगिनी चंद्रिका दीदी अंतर्राष्ट्रीय परियोजना वैश्विक संस्कृति-प्रेम और सद्भावना के कार्यक्रमों के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं।

## ऑक्सीजन प्लांट-2 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह मनाया



**भिलाई, 21 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट-2 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह 13 से 18 तक आयोजित किया गया। 18 जनवरी को सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक ए. के. जोशी तथा विशेष अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एस. के. अग्रवाल थे। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक पी. सी. बाग द्वारा की गई। सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन 13 जनवरी को मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एस. के. महतो द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता महाप्रबंधक पी. सी. बाग द्वारा की गई।

# कुरूद रोड पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ निगम की टीम ने की कार्रवाई



**भिलाई, 22 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वैशाली नगर जोन क्रमांक 02 अंतर्गत निगम की टीम ने अवैध अतिक्रमण पर बेदखली कार्यवाही की गई। कुरूद लोहिया रोड़ में नवनिर्मित मकान के मालिक द्वारा शासकीय भूमि में अपने घर के सामने अवैध रूप से सेप्टिक टेंक बनाकर कब्जा किया गया था। जिसे प्राप्त शिकायत के आधार पर जोन क्रमांक-02 के राजस्व अमले ने पुलिस बल की मौजूदगी में बेदखल किया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के दिये गये निर्देश पर कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज शिकायत के आधार पर जोन-2 के राजस्व अमले ने कुरूद लोहिया रोड में घर के सामने सड़क से लगाकर बनाये गये सेप्टिक टेंक को जे.सी.बी के माध्यम से ध्वस्त किया गया। प्राप्त शिकायत के अनुसार वार्ड 21 कुरूद में दिनेश सिंह द्वारा अपने घर के बगल में बना रहे मकान मालिक द्वारा शासकीय भूमि पर सेप्टिक टेंक अवैध रूप से बनाये जाने की शिकायत की गई थी। जिसे मंगलवार को बेदखली की कार्यवाही जोन-2 के राजस्व अमला द्वारा किया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, वार्ड प्रभारी अरूण सिंह, कृष्ण कुमार सुपैत, गुप्तानंद तिवारी, हरि ताम्रकार, मदन मोहन तिवारी, जागेश्वर पटेल, अमीत कोसरे, प्रतीक तिवारी, तोड फोड दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, मंगल बंजारे, कन्हैया यादव आदि उपस्थित रहे।

## आचार संहिता लगते ही राजनीतिक बैनर पोस्टर, फ्लेक्स हटाने का काम शुरू

**भिलाई, 22 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड एवं वार्ड क्रमांक 35 शारदा पारा केम्प 2 में पार्षद चुनाव कराया जाना है। शासन द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद निर्वाचन नियमावली के तहत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संपत्ति विरूपण अधिनियम का पालन किया जा रहा है। जिसके तहत दोनों वार्ड क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए राजनीतिक बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स की जप्ती तथा दीवार लेखन की पोताई के साथ निगम की टीम कार्यवाही कर रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्त, को निर्देशित किया है कि निजी भवनों में हुए दीवार लेखन को हटाने से पूर्व भवन मालिक से अनुमति पत्र जाँच लेवें। दोनो वार्ड क्षेत्र में संपत्ति विरूपण अधिनियम अंतर्गत लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जोन कार्यालय का दल लगा हुआ है। कोई भी प्रचार सामग्री जिससे मतदाता प्रभावित हो लगाना निषेध है। यदि कोई राजनीतिक दल या उम्मीदवार लगाना चाहते है तो नियमानुसार निगम भिलाई के राजस्व विभाग, जनगणना शाखा से अनुमति लेनी होगी। अनुमति पश्चात नियमानुसार बैनर, पोस्टर लगा सकते है। यदि व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है या बिना अनुमति के विज्ञापन बोर्ड एवं दीवार लेखन करता है। तो उसके विरुद्ध निर्वाचन आयोग के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## एक नजर

### नदियों से रेत का अवैध परिवहन,प्रशासन मौन

**डोंगरगांव, 22 जनवरी।** नगर में फिर एक बार नदियों से रेत परिवहन का कार्य जोरो शोरो से चल रहा है नगर समीप करियाटोला से और समीप ग्राम दर्री से अवैध परिवहन की जानकारी सूत्रों से प्राप्त हुई है। मिली जानकारी अनुसार नदियों का पानी कम होने के बाद पुनः एक बार फिर रेत माफिया एक्टिव हो गया है। अवैध परिवहन कार्य बिना किसी डर भय के दिन रात जोरो से चल रहा है जिसमे नगर समीप करियाटोला से लगे कोहका ढाबा के पीछे से लगभग 5-6 माज़दा,टैक्टर लगातार नदियों से अवैध रेत परिवहन मे लगे हुए है जो की पिछले 15-20 दिनों से बेधड़क चल रहा है,इसी के साथ ही समीप ग्राम दर्री से भी पुल के समीप से अवैध रेत निकाली जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार करियाटोला से रेत परिवहन मे राजनीती से जुड़े कुछ लोग भी है जिसकी वजह से बिना किसी डर के यह कार्य किया जा रहा है जानकारी अनुसार करियाटोला ढाबा के पास पूछताछ करने पर कुछ व्यक्तियों के नाम सुनाई दिए है इनकी संलिप्तता प्रशासनिक जांच (धरपकड़) के बाद स्वतः ही पता चल जाएगी? और 15-20 दिनों से चल रहे इस अवैध रेत परिवहन की खबर डालने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियो की चुप्पी पूर्ण रूप से प्रशासनिक मौन सहमति की ओर इशारा कर रही है।

### कृषि कॉलेज के छात्रों ने किया एफसीआई का शैक्षणिक भ्रमण



**राजनांदगांव, 22 जनवरी।** पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सुरगी, राजनांदगांव के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने डॉ. विनम्रता जैन, अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में भारतीय खाद्य निगम, राजनांदगांव के कार्यालय, प्रक्षेत्र व भण्डारण कक्षों में शैक्षणिक भ्रमण किया। वहां विद्यार्थियों को समन्वित नाशीजीव व रोग प्रबंधन से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।इस भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. नितिन कुमार तुर्रे एवं डॉ. मनोज कुमार चंद्राकर सहित 60 विद्यार्थियों ने भ्रमण कर तकनीकी ज्ञान प्राप्त किए।इस भ्रमण के दौरान भारतीय खाद्य निगम, राजनांदगांव के प्रबंधक श्री सुरेंद्र कुमार रहांगडाले ने विद्यार्थियों को भण्डार गृह में लगने वाले कीटव्याधियों एवं उनके प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया साथ ही रोजगार के अवसरों पर जानकारी दी। प्रबंधक श्री सनी प्रमोद कीव ने भारतीय खाद्य निगम के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताए। श्री सुमीत दिवान, श्री नरेश कोटलपार एवं श्री आशीष जी ने भण्डारण कक्षों में विद्यार्थियों को भ्रमण कराते हुए उपयोग होने वाले रसायनों के बारे में जानकारी दी।

### राजनांदगांव पुलिस ने सन ग्रुप के सौजन्य से 300 हेलमेट वितरित किए



**राजनांदगांव, 22 जनवरी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के आव्हान पर नाथु नवागांव स्थित सन ग्रुप के चेयरमेन श्री सुनील अग्रवाल के सौजन्य से विभिन्न फैक्ट्रीयों मे कार्यरत मजदूरों को 300 नग हेलमेट वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा सभी दो पहिया वाहन चालकों को स्वयं की सुरक्षा एवं अपने परिवारों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझाते हुए सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की समझाईश दी गई। इस अवसर पर सन ग्रुप के डायरेक्टर श्री रचित अग्रवाल, श्री अमित जैन, श्री शशांक अग्रवाल, श्री अनुराग अग्रवाल एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

### आदर्श आचरण संहिता लागू, संपत्ति विरूपण पर सख्ती के निर्देश

**महासमुंद, 22 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत आम चुनाव 2024-25 की समय-सारणी जारी कर दी है। इसके साथ ही राज्य में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार के दौरान संपत्ति विरूपण को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 'छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 के तहत किसी भी शासकीय या अशासकीय संपत्ति को बिना स्वामी की लिखित अनुमति के विरूपित करना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वाले व्यक्ति पर 1000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यह अपराध संज्ञेय श्रेणी में आता है, और इसके लिए कठोर कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा निजी संपत्ति को स्वामी की अनुमति के बिना विरूपित किया जाता है, तो संपत्ति स्वामी संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कर सकता है। इसके बाद गठित टीम कार्रवाई करेगी। पुलिस विभाग ऐसे मामलों की जांच कर आरोप पत्र सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। चुनाव प्रचार के लिए किसी भी धार्मिक स्थल का उपयोग करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। आयोग द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यदि कोई व्यक्ति या दल संपत्ति विरूपण में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सार्वजनिक और निजी संपत्ति की गरिमा बनाए रखने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उठाए गए ये कदम चुनाव को निष्पक्ष और अनुशासन पूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में संपत्ति विरूपण रोकने के लिए टीम गठित का गठन किया गया है। टीम में नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समन्वय से किया गया है।

# केंवटटोला से बच्चों को बस्तर भ्रमण में ले जाने वाले शिक्षकों को बीईओ ने जारी किया नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**मोहला, 22 जनवरी।** मोहला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केंवटटोला और तेलीटोला,डूंडेरा गांव के स्कूली बच्चों के साथ बस्तर भ्रमण पर निकले शिक्षक शिक्षिकाओं को विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला द्वारा नोटिस जारी किया है । शनिवार की शाम पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र छात्राएं और स्कूल के स्टाफ के द्वारा बस्तर टूर पर निकले रविवार रात तकरीबन एक बजे के दरमियान कोंडागांव नया बस स्टैंड के समीप बच्चों और शिक्षकों से भरी बस और ट्रक आपस में भीड़ गई थी जिसमे एक शिक्षक और ड्राइवर की मौत हो गई थी तथा तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल और सात बच्चों को चोटें आई है। इस मामले को गंभीर मानते हुए शिक्षा विभाग द्वारा चार शिक्षक शिक्षिकाओं को नोटिस जारी कर बिना विभागीय अनुमति और विभागीय अधिकारियों को जानकारी दिए लगभग पचास बच्चों सहित बस्तर भ्रमण करने और बच्चों से भरी बस दुर्घटना होने पर लापरवाही मानते हुए नोटिस जारी किया गया है ।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला ने चार शिक्षकों को नोटिस जारी किया है जिनमे भीमराव बारसागढ़े (प्रधानपाठक),दिलीप गोरे शिक्षक एलबी,श्रीमति कोकिला मण्डावी शिक्षक एलबी और बलवंत हिरवानी शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केंवटटोला विकासखंड मोहला है । नोटिस में कहा कि बिना अनुमति के स्कूली छात्र छात्राओं को बस्तर भ्रमण के लिए लेकर जाना कृत्य घोर लापरवाही व गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है जो कि छत्तीसगढ़ सिविल (सेवा व भर्ती ) नियम 1965 के विपरीत है, नोटिस का जवाब विभाग द्वारा तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करने कहा गया है । फिलहाल दुर्घटना के बाद कोंडागांव से सभी बच्चों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सुरक्षित लाया जा चुका है ।

# खुलेआम जुआ खेल रहे लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव, 22 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमान मोहित गर्ग भा0पु0से0 के मार्गदर्शन में बसंतपुर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज थाना बसंतपुर पुलिस के द्वारा 07 जुआड़ियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करने में सफलता मिली है । ज्ञात हो कि थाना बसंतपुर को सूचना प्राप्त हुआ था। कि सब्जी मण्डी, राजनांदगांव में कुछ जुआड़ी ताश के पत्तो से रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है कि सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था । उक्त टीम के द्वारा सब्जी मण्डी में घेराबंदी कर दर्शित स्थल पर रेड कार्यवाही किया गया । रेड कार्यवाही के दौरान मौके पर 07 जुआड़ी जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये जिनसे पूछताछ करने पर जिन्होंने अपना-अपना नाम अमित यादव पिता सुनील यादव उम्र 39 साल निवासी क्लब चौक बसंतपुर, थाना बसंतपुर, राहुल बघेल पिता स्व0 रमेश बघेल उम्र 29 साल निवासी क्लब चौक राजनांदगांव, थाना बसंतपुर, नरसिंह यादव पिता मेघनाथ यादव उम्र 40 साल निवासी बसंतपुर क्लब चौक थाना बसतपुर, लोकेश यादव पिता ईश्वर यादव उम्र 19 साल सा0 क्लब चौक बसंतपुर, गजानंद साहू पिता गुलाब साहू उम्र 40 साल सा0 क्लब चौक थाना बसंतपुर, देवेश साहू पिता लोकेश साहू उम्र 23 साल सा0 कमला कॉलेज के पास राजनांदगांव थाना बसंतपुर एवं कुलदीप यादव पिता नरेश यादव उम्र 27 साल निवासी बसंतपुर क्लब चौक थाना बसंतपुर का होना बताये जिनके पास एवं फड़ से नगदी रकम 10230/रूपये, ताश के पत्ते एवं एक प्लास्टिक बोरा बरामद कर जप्त किया गया । उक्त 07 आरोपियों के विरूद्ध थाना बसंतपुर में धारा छ0ग0 जुआ प्रतिशेध अधिनियम की धारा 03 के तहत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है ।

# कार्यशाला में महिलाओं को विधिक अधिकार की जानकारी दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 23 जनवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोतर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में पीएम उषा योजना अंतर्गत अंतिम पांचवे दिवस 17 जनवरी को आयोजित कार्यशाला में बालिका लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2012 (पॉस्को एक्ट) के संबंध में जानकारी देने सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त भारतीय सेना के अधिकारी अशोक पांडे उपस्थित थे। कार्यशाला का प्रारंभ मुख्य वक्ता अशोक पांडे तथा प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा श्री पांडे को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यशाला के आरंभ में स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने कहा कि महिलाओं की वैधानिक अधिनियम के संबंध में कार्यशाला के माध्यम से जो जानकारी दी जा रही है, उसे अपने तक ही सीमित न रखे बल्कि इसे अपने परिवार के सदस्यों, आसपास के क्षेत्रों भी प्रचारित-प्रसारित कर जागरूक करें।

मुख्य वक्ता श्री पांडे ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में अवयस्क बालिका पर भी लैंगिक उत्पीडन की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए यह अधिनियम सरकार द्वारा तैयार किया गया है। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जीतने भी अधिनियम तथा कानून बनाये गये है इन सभी का पालन करना नागरिकों का कर्तव्य है। इसके अतिरिक्त महिला अधिकार संबंधी अन्य कानूनों जैसे टोनही प्रताड़ना अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, संपश्रि तथा गुजारा भत्ता अधिनियम आदि के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंत में मुख्य वक्ता श्री पांडे को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यशाला के अंतिम दिन उपस्थित छात्राओं हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गय तथा विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त सभी उपस्थित छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध वाहन वापस करने के निर्देश

**राजनांदगांव 22 जनवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के घोषणा एवं आदर्श आचार संहिता लागू होने के दिनांक से निर्वाचन के परिणाम घोषित होने के दिनांक तक केन्द्र व राज्य शासन के उपक्रम, संयुक्त क्षेत्र के उप्रक्रमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगर पलिका निगमों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, विपणन बोर्ड, विपणन संस्थाओं, कृषि उपज मण्डी समिति प्राधिकरणों या अन्य ऐसे निकाय जिनमें सरकारी धन का कितना भी छोटा अंश निवेश किया गया हो, के वाहनों के उपयोग के किसी भी प्रकार की अनुमति संसद सदस्यों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों अथवा अभ्यर्थियों या निर्वाचन से संबंधित किसी व्यक्ति को नहीं दिये जाने के आदेश जारी किए है। साथ ही जनप्रतिनिधियों को आबंटित वाहन तत्काल वापस लेकर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराने तथा वापस लिए गये वाहनों को कार्यालय में अनिवार्यतः खड़ी करने कहा गया है।

यदि जनप्रतिनिधियों द्वारा आचार संहिता लागू रहने के दौरान वाहन का उपयोग किया जाता है, तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

## समाचार संक्षेप

### बाजार चौक में जुआ खेल रहे लोगों पर डोंगरगांव पुलिस की कार्रवाई



**डोंगरगढ़, 22 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमान मोहित गर्ग भा0पु0से0 के मार्गदर्शन में थाना डोंगरगाव पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 20.01.25 को थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा 03 जुआड़ियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करने में सफलता मिली है । ज्ञात हो कि थाना डोंगरगांव को सूचना प्राप्त हुआ था। कि बाजार चौक राजाखुज्जी, थाना डोंगरगांव जिला राज0 कुछ जुआड़ी ताश के पत्तो से रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है कि सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा निर्देश एवं पुलिस अनुविभागयी अधिकारी डोंगरगांव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगांव , निरी0 अवनिश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था । उक्त टीम के द्वारा सब्जी मण्डी में घेराबंदी कर दर्शित स्थल पर रेड कार्यवाही किया गया । रेड कार्यवाही के दौरान मौके पर 03 जुआड़ी जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये जिनसे पूछताछ करने पर जिन्होंने अपना-अपना नाम 1. राजकिशोर राजपुत पिता कृष्णासिंह राजपुत, उम्र- 26 साल पता ग्राम दर्री थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, छ0ग0 2. रमेश कुमार गोंड पिता बल्दूराम गोंड, उम्र- 35 साल , साकिन दर्री थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, छ0ग0 3. देवराज निषाद पिता राजकुमार , उम्र- 24 साल, साकिन वार्ड नं0 13 राजाखुज्जी थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, छ0ग0 का होना बताये जिनके पास एवं फड़ से नगदी रकम 2780/रूपये, ताश के पत्ते बरामद कर जप्त किया गया । उक्त 03 आरोपियों के विरूद्ध थाना डोंगरगांव में धारा छ0ग0 जुआ प्रतिशेध अधिनियम की धारा 03(2) के तहत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है ।

### गोडावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने पेश किए दो नए ई-स्कूटर और लॉन्च किया ई-ऑटो

**नई दिल्ली, 22 जनवरी।** इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी गोदावरी



इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने नए उत्पादों का अनावरण किया। कंपनी ने दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स इब्लू फियो ज़ेड और इब्लू फियो डीएक्स, और तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो इब्लू रोज़ी इको लॉन्च किया। कंपनी का उद्देश्य ऐसे वाहन बनाना है, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाएं, ऊर्जा की बचत करें और लंबे समय तक टिकाऊ रहें। कंपनी ने अपने ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह वाहन पेश किए हैं। इब्लू फियो ज़ेड को खासतौर पर शहर के अंदर कम दूरी के सफर के लिए डिजाइन किया गया है। यह लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर दैनिक यात्रा की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। वहीं, इब्लू फियो डीएक्स अधिक पावर और बेहतर प्रदर्शन के साथ आता है और एक बार चार्ज करने पर 150 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करता है। इसकी कीमत ?2,95,999 (एक्स-शोरूम) तय की गई है।इसके अलावा, इब्लू रोज़ी इको, जो तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो है, बिजनेस के लिए एक उपयोगी विकल्प है। इसे विशेष रूप से ऑनलाइन ऑर्डर डिलीवरी, गोदाम से घर तक सामान पहुंचाने और यात्रियों को शहर के भीतर उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने इन वाहनों के जरिए टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह पहल न केवल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करती है।



**डोंगरगढ़ 23 जनवरी।** ग्राम बिलहरी में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर,श्री राम प्रतिष्ठा समिति व समस्त ग्रामवासी के द्वारा 22 जनवरी 2025 बुधवार को भव्य म (शिव मंदिर) से प्रारंभ होगी तथा ग्राम भ्रमण के लिए निकाली जाएगी जिसमें श्री राम की पूजा की जाएगी। रात्रि में प्रत्येक घर से दीप प्रज्वलित कर बाजार चौंक में समापन होगी। यहां जानकारी मनोहर डडसेना एवं शिव सिन्हा ने दी ।

# ढारा पेट्रोल पंप के सामने से किसान की मोटरसाइकिल चोरी हो गई

**डोंगरगढ़ 23 जनवरी।** ढारा - इन दिनों चोर ग्रामीण इलाकों को निशाना बना सेंध मार माल उड़ा रहे है जिसका प्रमाण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढारा में देखने व सुनने को मिल रहा है जिसकी शिकायत ग्रामवासी लगातार कर रहे है. आपको बता दें कि माह भर के अंदर ही ढारा घोटिया मार्ग स्थित शिव मन्दिर से अज्ञात चोरो द्वारा दानपेटी सहित अन्य सामग्री कीमत 25 हजार की चोरी के साथ साथ दर्जनों किसानों के खेतों से मोटर पंप व केबल वायर की चोरी कर फरार है वहीं दूसरी ओर 13 जनवरी को ढारा के संस्कार पेट्रोल पंप के सामने से खेत गए किसान की मोटरसाइकिल की चोरी हो गई जिसकी शिकायत ग्राम ढारा निवासी दिवेश यादव ने पुलिस को दी है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी ने बताया कि 13-12-2024 के बाद के दोपहर करीबन 12:00 बजे मैं अपने मोटर सायकल क्रमांक सुपर स्पेलेंडर मोटर सायकल सीजी 08 यू 7695 से अपने खेत ग्राम ढारा संस्कार पेट्रोंल पंप के सामने खडी कर खेत गया था, दोपहर करीबन 2:00 बजे खेत वालो से पूछताछ किया जो कोई पता नही चला मेरी मोटर सायकल सुपर स्पेलेंडर मोटर सायकल सीजी 08 यू 7695 पुरानी इस्तेमाली किमती करीबन 15,000 रू को किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा चोरी करके ले गया है। पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध विधान धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है।



# ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

**राजनांदगांव 22 जनवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की प्रक्रिया पूर्ण होने तक विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के बाद कानून व्यवस्था एवं चुनाव संबंधी आचार संहिता का पालन समुचित तरीके से करने हेतु छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-5 एवं ध्वनि प्रदूषण (नियंत्रण एवं नियमन) नियम 2000 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक शर्तों के अधीन राजनांदगांव जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को चलाया या चलवाया जाना पर प्रतिबंधित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को पूर्ण रूप से रोका नहीं जा सकता है, क्योंकि ध्वनि विस्तारक यंत्र, निर्वाचन प्रचार एवं जनसमूह के बीच अपने विचार व्यक्त करने के साधनों में से एक साधन है, लेकिन उसके साथ-साथ विषम समय में, विषम स्थान पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अविवेकपूर्ण ऊंचे स्वरों पर अवैधानिक प्रयोग, जिससे जनमानस की शांति एवं स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो, की अनुमति दिया जाना उचित नहीं है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। चूंकि निर्वाचन के दौरान सभी अभ्यर्थी, राजनीतिक दल, उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति प्रचार-प्रसार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते हैं। इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न केवल स्थायी रूप से होता है, वरन विभिन्न वाहनों यथा जीप, कार, ट्रक, टेम्पो, तिपहिया स्कूटर, सायकल, रिक्शा आदि पर घूम-घूम कर या स्थिर रखकर भी होता है। ये वाहन सभी गलियों, सड़कों एवं उप गलियों पर चलते हैं।

### जिला अध्यक्ष भागवत साहू व विधायक ने गमछा पहनाकर किया स्वागत

# छुरिया के तीन निष्कासित कांग्रेस पार्षदों की घर वापसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 22 जनवरी।** नगर के साहू धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी ने बैठक कर नगर पंचायत अध्यक्ष, एवं पार्षद पद के दावेदारों से चर्चा की। बैठक में कांग्रेस पार्टी से निष्कासित वर्तमान तीनों पार्षदों डॉ. राधेश्याम ठाकुर, मनोज यादव, मुकेश कुंजाम, को विधायक भोलाराम साहू के समक्ष जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने उन्हें गमछा पहनाकर पार्टी में घर वापसी करायी गयी।

ज्ञात हो कि इन तीनों पार्षद डॉक्टर राधेश्याम ठाकुर ,मनोज यादव , मुकेश कुंजाम ने पार्टी लाइन से हटकर, भाजपा के पार्षदों से मिलकर कांग्रेस के वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा को अविश्वास प्रस्ताव लाकर नगर पंचायत अध्यक्ष पद से हटा दिया था। इस प्रकार श्रीमती राजकुमारी सिन्हा को नगर अध्यक्ष का पद गवानी पड़ी थीं। इसके बाद कांग्रेस पार्टी के संगठन ने इन तीनों पार्षदों को कांग्रेस पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासन कर दिया गया था। जिसे आज पुनः कांग्रेस पार्टी में घर वापसी कराया गया। डॉक्टर राधेश्याम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से मेरा जन्म जन्मांतर का रिश्ता है ।घर वापसी आकार मैं बहुत खुश हूं । अपरिहार्य कारणों से मुझे पार्टी लाइन से हट कर काम करना पड़ा था जिसका मुझे अफसोस है, और पछतावा भी है।अब मैं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चाहे किसी भी कार्यकर्ताओं को टिकट मिले सब मिलकर नगर में कांग्रेस के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को जिताकर लायेंगे।बैठक में पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, प्रकाश यादव, पंकज बांधव, छुरिया चुनाव प्रभारी विरेन्द्र बोरकर उपस्थित थे।स्थानीय साहू धर्मशाला में समीक्षा बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद के दावेदारों से खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि लगातार 15 वर्षो से छुरिया नगर पंचायत में कांग्रेस का कब्जा है, जो कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता से संभव हो पाया है। इस बार के चुनाव में सभी कमर कसकर कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत से विजयी बनावें । बैठक में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि चुनाव में दावेदार तो बहुत होते हैं लेकिन टिकट एक को ही मिल पाता है, इसका किसी को अफसोस नहीं होना चाहिए। सभी को मिल जुलकर चुनाव में उसकी जीत सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने सभी दावेदारों से वन-टु-वन चर्चा कर उनका राय जाना।बैठक में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, कांग्रेस कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, सुभाष यादव, चुम्मन साहू, विपिन यादव तरूण सिन्हा, राहुल तिवारी, सुनील लारोकर, सलमान खान, यावेन्द्र तिवारी, जसीम कुरैशी,शकील नसीम मेमन संजीदा खान कुरैशी, भोजवानी साहू, जान टेलर वसीम दीपक जगने अनिल लारोकर फिरोज खान आसिफ खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

संपादकीय

## जो होता आया है वही होने की उम्मीद की जा रही

किसी राज्य में सरकार बदलती है तो राज्य की हवा भी उसके हिसाब से बदल जाती है ।छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार के जाने के बाद सत्ता में साय सरकार है तो जो हवा भूपेश बघेल सरकार के रहते उसके पक्ष में रहती थी, साय सरकार आने के बाद हवा बदल गई है और साय सरकार के पक्ष में हो गई है ।विधानसभा चुनाव,लोकसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा के हौसले बुलंद है,वह विजय पथ पर है और हर चुनाव में जीत के विश्वास से भरी हुई है ।अपनी सरकार के काम के बल पर जीतने का यकीं होता है तो राजनीतिक दल की जीत आसान हो जाती है। राज्य में नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों की तारीखों की घोषणा हो गई है ।नगरीय चुनाव एक चरण में होगा। ११ फरवरी को मतदान होगा और १५ फरवरी को रिजल्ट की घोषणा की जाएगी ।त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान तीन चरणों में १७.२० व २३ फरवरी को होगा तथा रिजल्ट १८,२१ व २४को आ जाएगा ।राज्य में कुल नगर निगम हैं १४, इनमें से १० में चुनाव होने हैं। इसी तरह इसी तरह नपा व नगरपंचायतों में भी सभी जगह चुनाव नहीं हो रहे हैं। कुछ जगह चुनाव कार्यकाल पूरा नहीं होने के कारण नहीं कराया जा रहा है। कहते हैं कि इतिहास अपने को दोहराता है। इसलिए सत्ता में रहने वालों को घमंड नहीं करना चाहिए ।हम योग्य है, इसलिए सत्ता पर हैं, जनता सर्वशक्तिमान है, वही सत्ता देती है और वही सत्ता छीन लेती है। सत्ता मिलने पर जिनमें अहंकार आ जाता है,वह सोचने लगते हैं कि हम जीत रहे हैं तो जनता उनको चुनाव आने पर एहसास करा देती है कि तुम जीत नहीं रहे थे, जनता तुमको जिता रही थी। जब राज्य में भूपेश बघेल की सरकार थी तो सरकार विधानसभा चुनाव जीतने के बाद लोकसभा चुनाव हारी थी, उसके बाद सभी उपचुनाव व नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव में भी अच्छी जीत हासिल की थी। भाजपा को निरंतर हार का सामना करना पड़ा था, इससे भाजपा में गहरी निराशा घर कर गई थी। ऐसा कहा जाने लगा था कि भाजपा अब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को हरा नहीं सकती। भूपेश सरकार को चौथे साल तक पूरा भरोसा था कि छत्तीसगढ़ में हम ही जीतते आए है और अगला विधानसभा चुनाव भी हम जीतेंगे। पांचवें साल राज्य की जो हवा बदली, चुनाव जीतने का दावा करने वाली कांग्रेस चुनाव हार गई। इसके बाद कांग्रेस लोकसभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वह बयानों व आंदोलनों के जरिए राज्य में माहौल बनाने का प्रयास करती रही कि जनता भाजपा सरकार से नाराज हैं। साय सरकार राज्य में अलोकप्रिय हो गई है, लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत से साबित यही हुआ कि जनता का भरोसा भाजपा पर कायम है, कांग्रेस पर नहीं है। विधानसभा व लोकसभा चुनाव से तो साबित हो गया है कि राज्य की जनता का भरोसा भाजपा पर है ।कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है ।अब नगरीय चुनाव व तीनस्तरीय पंचायत चुनाव के रूप में कांग्रेस के पास एक मौका और है चुनाव जीतकर साबित करने का कि जनता भाजपा से नाराज है,साय सरकार अलोकप्रिय हो गई है। यानी इस बार के चुनाव में कांग्रेस के पास आखिरी मौका है जनता का भरोसा जीतने का। यह बड़ी चुनौती है क्योंकि सरकार के रहते नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव जीतना जितना आसान होता है ।सरकार नहीं रहने पर यह चुनाव जीतना उतना ही मुश्किल होता है। माना जाता है कि सरकार जिसकी होती है,वही दल नगरीय व पंचायत चुनाव भी जीतता है। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में भाजपा के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, पाने के लिए बहुत कुछ है। इस बार कांग्रेस के सामने चुनौती यह है कि उसे सब निगम में जीतना है, ज्यादातर नपा में जीतना है, क्योंकि पिछली बार वह जीती थी। कांग्रेस ऐसा कर पाएगी इसमें संदेह है ।क्योंकि जनता अपने निगम क्षेत्र में, नपा क्षेत्र में विकास चाहती है और विकास उसी दल का प्रत्याशी करा सकता है जिसकी सरकार होती है। इसलिए इस बार भी जिस दल की सरकार है, उसी दल के प्रत्याशी ज्यादा जीत सकते हैं। ऐसा होता आया है इसलिए ऐसा होने का उम्मीद की जा रही है ।कांग्रेस अध्यक्ष भले दावा करें कि वह फिर से नगर निगम व नपा में जीतेंगे लेकिन हकीकत तो चुनाव के बाद सामने आ जाएगी।

जयंती पर विशेष

(अतिवीर जैन पराग-विनायक फीचर्स)

# जय हिंद के नारे से राष्ट्रीय चेतना जगाने वाले क्रांतिवीर नेताजी सुभाषचंद्र बोस

सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक उड़ीसा के एक बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था ' उनके सात भाई और छह बहनें थी ' वह अपने माता पिता की नौवीं संतान थे ' इनके पिता जी का नाम जानकीनाथ बोस और माता का नाम प्रभावती था '

पिता जानकी नाथ बोस कटक के प्रसिद्ध वकील थे ' पहले वे सरकारी वकील थे ' बाद में उन्होंने सरकार की वकालत छोड़कर अपनी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी ' बंगाल विधानसभा के सदस्य भी रहे थे ' अंग्रेज सरकार ने उन्हें रायबहादुर का खिताब दिया था ' 1930 में महात्मा गांधी ने जब सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया तो ब्रिटिश सरकार ने उसे कुचलने के लिए आतंक और दमन का मार्ग अपनाया ' इसके विरोध स्वरूप जानकीनाथ ने अपना रायबहादुर का खिताब वापस कर दिया था ' अपने सभी भाइयों में सुभाष को सबसे अधिक लगाव दूसरे नंबर के भाई शरद चंद्र बोस से था ' नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक से ही पूरी की ' और उसके बाद वे कोलकाता चले गए जहां पर प्रेसीडेंसी कॉलेज से दर्शनशास्त्र में 1919 में स्नातक किया ' सितंबर 1919 में नेताजी भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस ) के लिए इंग्लैंड पढ़ने चले गए ' 1920 में आवेदन कर इस परीक्षा में उन्होंने चौथा स्थान प्राप्त किया ' पर जलियांवाला बाग के नरसंहार से व्यथित और भारत की आजादी के लिए व्याकुल नेताजी ने 1921 में भारतीय सिविल सेवा से इस्तीफा दे दिया ' जून 1921 में मानसिक एवं नैतिक विज्ञान में ऑनर्स की डिग्री लेकर सुभाष चंद्र वापस स्वदेश लौट आए ' भारत लौटकर आने के बाद वे स्वतंत्रता की लड़ाई में कूद गए ' रविंद्रनाथ टैगोर की सलाह पर सबसे पहले मुंबई गए ' और महात्मा गांधी से मुलाकात की ' महात्मा गांधी मुंबई में मणिभवन में रहते थे ' जहां 20 जुलाई 1921 को सुभाष चंद्र की गांधी जी के साथ पहली मुलाकात हुई ' गांधी जी ने उन्हें कोलकाता जाकर चितरंजनदास के साथ काम करने की सलाह दी ' उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को ज्वाइन किया ' नेताजी श्री देशबंधु चितरंजनदास को अपना राजनीतिक गुरु और स्वामी विवेकानंद को अपना आध्यात्मिक गुरु मानते थे ' ब्रिटिश राज सिंहासन के वारिस प्रिंस ऑफ वेल्स के नवम्बर 1921 में भारत दौरे का ऐलान किया गया ' कांग्रेस ने इस दिन युवराज के मुंबई में उतरने के दिन सम्पूर्ण हड़ताल का आव्हान कर दिया ' कोलकाता में देशबंधु के साथ सुभाष चंद्र ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया ' दिसंबर 1921 के दूसरे हफ्ते में देशबंधु तथा अन्य नेताओं के साथ सुभाष को भी गिरफ्तार कर लिया गया ' और अलीपुर की सेंट्रल जेल में रखा गया ' आठ महिनों बाद इन्हें जेल से छोड़ा गया ' यह सुभाष की पहली गिरफ्तारी थी ' अपने जीवन मे सुभाष की कुल ग्यारह बार गिरफ्तारी हुई ' इसी के साथ सुभाष चंद्र बोस देश के बड़े नेताओं में शामिल हो गये ' सन 1928 में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में कोलकाता में संपन्न हुआ इस अधिवेशन में गांधी जी ने अंग्रेजों से भारत को डोमिनियन स्टेट का दर्जा देने की मांग की ' लेकिन सुभाष बाबू पूर्ण स्वराज की मांग की बात कर रहे थे ' अंत में तय हुआ कि अंग्रेज सरकार को डोमिनियन स्टेट देने के लिए एक साल का वक्त दिया जाए ' और अगर एक साल में अंग्रेज सरकार नहीं मानती है तो कांग्रेस पूर्ण स्वराज की मांग करेगी ' अंग्रेज सरकार ने एक साल में यह मांग नहीं पूरी की ' इसलिए 1930 में जब कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में लाहौर में हुआ तब तय किया गया कि 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाएगा ' 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्रध्वज फहराकर सुभाष चंद्र एक विशाल मोर्चे का जब नेतृत्व कर रहे थे पुलिस ने उन पर लाठी चलाई ' और उन्हें घायल कर जेल भेज दिया ' जब सुभाष जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता कर लिया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया ' 5 नवंबर 1925 को देशबंधु चितरंजनदास कोलकाता में चल बसे ' उस समय सुभाषचंद्र बोस मांडले जेल में थे ' सुभाषचंद्र बोस की तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो गई ' और उन्हें तपेदिक हो गया ' फिर भी अंग्रेज सरकार ने उन्हें रिहा करने से मना कर दिया ' अंग्रेज सरकार ने शर्त रखी कि यदि सुभाष इलाज के लिए यूरोप जाए तो उन्हें रिहा कर दिया जाएगा ' लेकिन सुभाष चंद्र ने ऐसा स्वीकार नहीं किया ' और अंत में उनकी ज्यादा हालत खराब होने पर अंग्रेजी सरकार ने सुभाष चंद्र को रिहा कर दिया ' और सुभाष इलाज के लिए डलहौजी चले गए ' 1930 में जब सुभाष चंद्र बोस जेल में थे तो कोलकाता में उन्होंने महापौर का चुनाव जेल से ही लड़ा और जीत गए ' सरकार को उन्हें जेल से रिहा करना पड़ा ' 1932 में सुभाष को फिर से जेल भेजा गया इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया ' वहां उनकी तबीयत खराब हो गई और



चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें इलाज के लिए यूरोप जाने जाना पड़ा ' सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में ही रहे ' 1934 में सुभाष चंद्र को अपने पिता की तबीयत खराब होने की खबर मिली ' खबर सुनते ही वह हवाई जहाज से कराची से होते हुए कोलकाता लौटे ' जहां अंग्रेज सरकार ने उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया और कई दिन जेल में रखकर वापस यूरोप भेज दिया ' कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन में 1938 में वे कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए ' इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय योजना समिति का गठन किया ' 1939 के त्रिपुरा अधिवेशन में भी सुभाष चंद्र बोस को दोबारा कांग्रेस का अध्यक्ष चुन लिया गया ' गांधीजी चाहते थे कि सीतारमैया अध्यक्ष बने ' सुभाष चंद्र बोस को चुनाव में 1580 मत मिले और सीतारमैया को 1377 मत मिले ' इस प्रकार गांधी जी के विरोध के बावजूद सुभाष चंद्र 203 मतों से अध्यक्ष पद का चुनाव जीत गए थे ' तभी विश्व युद्ध शुरू हो गया ' नेताजी ने अंग्रेजों को छह महीने का अल्टीमेटम देश छोड़ने का दिया ' नेताजी के अल्टीमेटम का गांधीजी ने विरोध किया जिससे इन्होंने कांग्रेस की अध्यक्षता छोड़ दी और फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की ' कुछ दिन बाद ही सुभाष चंद्र को कांग्रेस से निकाल दिया गया और फॉरवर्ड ब्लॉक एक स्वतंत्र पार्टी बन गई ' सुभाष चंद्र बोस ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों का उपयोग करने का घोर विरोध किया और जनआंदोलन शुरू कर दिया ' इसलिए अंग्रेजों ने उन्हें कोलकाता के घर में नजरबंद कर दिया ' 1941 में सुभाषचंद्र बोस किसी तरह अंग्रेजों की कैद से छूटकर अफगानिस्तान के रास्ते जर्मनी पहुंच गए ' 1941 के अंत में बर्लिन में उन्होंने फ्री इंडिया सेंटर की स्थापना की ' यहीं से 'जन गण मन 'को भारत का राष्ट्रगान घोषित किया ' देश को जय हिंद का नारा भी नेताजी ने ही दिया ' यहीं पर सुभाष चंद्र बोस को 'नेताजी ' की उपाधि दी गई ' मई 1942 में जर्मनी में सुभाषचंद्र बोस ने हिटलर से मुलाकात की ' हिटलर से उन्हें कोई सकारात्मक सहयोग नहीं मिला ' इसी दौरान सुभाषचंद्र बोस की भेंट ऑस्ट्रेलिया की महिला एमिली से हुई जो उनकी सचिव रही,और बाद में नेताजी ने उनसे शादी कर ली ' जिससे उनके एक बेटी अनिता बोस हुई ' 26 जनवरी 1943 को बर्लिन में भारतीय स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया ' जिसमें नेता जी ने मुख्य भाषण दिया और उसके बाद जापान चले गए ' जून 1943 में नेताजी की मुलाकात जापानी प्रधानमंत्री से हुई 'जहां उन्होंने भारत की संपूर्ण स्वाधीनता पाने के लिए बिना शर्त पूरे समर्थन की अधिकृत घोषणा की ' यह उस समय के परिप्रेक्ष्य में बहुत बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना थी ' किसी भी विदेशी शासन प्रमुख द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान इस प्रकार भारत को बिना शर्त पूरा समर्थन देने की घोषणा की गई थी ' हालांकि गांधीजी इस प्रकार की कोई भी घोषणा ब्रिटिश सरकार या उसके मित्र देशों से नहीं करवा पाए थे ' यह नेताजी की एक बड़ी जीत थी ' इसके बाद नेताजी ने अपनी मौजूदगी जग जाहिर कर दी और नागरिक रेडियो पर अपना विशेष प्रसारण किया ' जुलाई 1943 में नेताजी सिंगापुर पहुंच गए ' जहां रासबिहारी बोस , इंडियन नेशनल आर्मी आजाद हिंद फौज के अफसरों और नेताओं ने नेताजी का स्वागत किया ' आजाद हिंद फौज में अंग्रेजी सेना में कार्यरत वे भारतीय सैनिक थे जिन्हें जापान ने बंदी बनाया था ' पांच जुलाई 1943 को नेताजी के जीवन का सर्वाधिक वैभवशाली दिन था ,उस दिन सिंगापुर टाउन हॉल के एक बड़े मैदान में उन्होंने सर्वोच्च सेनापति सुप्रीम कमांडर के रूप में आजाद हिंद फौज की सलामी ली ' यही पर उन्हें नेताजी का नाम दिया गया ' उन्होंने अपनी फौज को संबोधन में कहा था ₹तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ₹। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद की कब्र बनाने का आव्हान सैनिकों से किया ' 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में एक ऐतिहासिक सभा में उन्होंने आजाद प्रथम अंतरिम आजाद हिंद सरकार की स्थापना का ऐलान किया ' इस अंतरिम सरकार को विश्व के तीन प्रमुख देश जापान, जर्मनी और इटली समेत कुल 9 देशों ने मान्यता प्रदान कर दी ' इस प्रकार दो सौ वर्ष में भारत के स्वाधीनता सेनानियों को अपने स्वाधीन राष्ट्र की अनुभूति हुई थी ' आजाद हिंद सरकार की पहली घोषणा थी अमेरिका और ब्रिटेन के विरुद्ध युद्ध ' 22 अक्टूबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंद फौज की रानी झांसी रेजीमेंट का औपचारिक उद्घाटन किया ' जिसमें भारतीय महिलाओं की भागीदारी थी ' आजाद हिंद सरकार की स्थापना के बाद , आजाद हिंद बैंक ने ?10 से लेकर ?1,00,000 तक के नोट के जारी किए ' और ?1,00,000 के नोट में नेताजी की तस्वीर छापी गई थी ' 29 दिसंबर 1943 को नेताजी अंडमान पहुंचे यहां राष्ट्र अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जिमखाना मैदान में भारी जन समुदाय के बीच राष्ट्रीय तिरंगा फहराया ' नेताजी ने अंडमान को ₹शहीद दीप समूह ₹ तथा निकोबार को स्वराज दीप समूह ₹ का नया नाम दिया था । जनवरी 1944 में नेताजी अपना मुख्यालय सिंगापुर से भारत के नजदीक रंगून(तत्कालीन बर्मा,अब म्यांमार) में ले आए ' आजाद हिंद फौज ने 18 मार्च 1944 को इंफाल के रास्ते भारत में प्रवेश किया ' जापान की हार के कारण नेताजी का आजाद हिंद फौज के द्वारा स्वतंत्रता का सपना पूरा ना हो पाया 'ऐसा माना जाता है कि 18 अगस्त 1945 को जापान जाते समय नेताजी का विमान ताइवान में क्रैश हो गया परंतु उनका शरीर नहीं मिला और तब से लेकर आज तक उनकी मृत्यु एक विवाद और रहस्य का विषय बनी हुई हैं ' पर नेताजी का यह संघर्ष व्यर्थ नहीं गया। उनके जय हिंद नारे से राष्ट्रीय चेतना जागृत हो गई और 1946 के आरंभ तक जैसा कि नेता जी ने सोचा था रॉयल इंडियन एयर फोर्स तथा रॉयल इंडियन नेवी में खुला विद्रोह हो गया ' भारतीय सशस्त्र सेनाओं की वफादारी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ओर हो गई ' इस प्रकार भारत ने नेताजी के जाने के बाद भी नेताजी का सोचा हुआ सामरिक लक्ष्य पा लिया और अंत में अंग्रेजों को अगस्त 1947 में भारत छोड़कर जाना पड़ा 'आज भी जय हिंद का उद्घोष जनमानस में जोश भरने और देश प्रेम की भावना को जीवित करने का साधन बना हुआ है ' अपनी क्रांतिकारी सोच के कारण नेताजी ने उस समय के जनमानस को उद्वेलित किया और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष को प्रेरित किया ' जिसने भारत की आजादी में उत्प्रेरक का काम किया ' उनकी विचारधारा भारतीय जनमानस में सदा बसी रहेगी ' देश आज भी नेताजी को एक क्रांतिकारी नेता के रूप में याद करता है और सदा करता रहेगा।

**(लेखक पूर्व उपनिदेशक, रक्षा मंत्रालय हैं)**

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कोई लंबे समय से चली आ रही समस्या दूर होगी। आय के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सुखद परिणाम मिलेंगे। काम के सिलसिले में आपको अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपके कामों में यदि कुछ समस्या आ रही है, तो वह आपके पिताजी की मदद से दूर होती दिख रही हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। बिजनेस में आप किसी काम को लेकर यदि परेशान थे, तो उसके लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपकी संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। यदि आप कहीं कोई इंवेस्टमेंट करेंगे, तो उससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको कोई सरकारी टेंडर मिल सकता है। बिजनेस में आपकी योजनाएं बेहतर रहेंगी, लेकिन आपको कुछ गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको पढ़ाई-लिखाई में जुटना होगा। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में यदि आप कामों में कोई बदलाव करने के लिए सोच विचार कर रहे हैं, तो उस पर थोड़ा ध्यान दें। आपके विवाह में आ रही समस्या भी दूर होगी। विद्यार्थी अपने कमजोर विषयों पर फोकस बनाएं, तभी उन्हें परीक्षा में जीत मिलते दिखेगी। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को मेहनत अधिक करनी होगी। आपको प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

सिंह- सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप अपने अनुभवों का लाभ उठाएंगे। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी नई नौकरी का आपको ऑफर आने से आपका मन खुश रहेगा। आपका किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। रोजगार को लेकर भटक रहे लोगों को कुछ समय बाद राहत मिलेगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में आपको पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपके बॉस आपके कामों से खुश रहेंगे। आप कोई निर्णय परिवार के सदस्य के करियर को लेकर कोई निर्णय लें, तो बहुत ही सोच विचारकर लें।

तुला- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अत्यधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। जीवनसाथी को आप शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। बिजनेस कर रहे लोगों की इनकम बढ़ने से उन्हें खुशी होगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको संतान की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका पुराना लेनदेन चुकता होगा। आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन के साथ-साथ वेतन वृद्धि भी मिल सकती है। आपको किसी काम में सोच समझकर हाथ बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा। यदि आप कहीं बाहर जाने की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी होगी।

धनु- धनु राशि के जातकों के लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आपकी दी गई सलाह संतान के खूब काम आएगी। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण परेशान रहेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको आर्थिक लाभ मिलेगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में सदस्यों में किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। यदि आपने कोई इंवेस्टमेंट करने का सोचा है, तो उससे आपको नुकसान हो सकता है। बिजनेस में भी आप अत्यधिक मात्रा में धन ना लगाएं, क्योंकि उसके डूबने की संभावना है। आप कोई डील पार्टनरशिप में करने से बचें। जीवनसाथी के लिए आप किसी पार्ट टाइम कार्य की शुरूआत कर सकते हैं। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपको कोई लेनदेन करने से पहले सोच विचार करने की आवश्यकता है। आपके घर कोई मेहमान आ सकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में लोगों की बातों को समझना होगा और आप किसी के प्रति अपने मन में जलन की भावना ना रखें। आपको अपने पिताजी के स्वास्थ्य को लेकर आपको टेंशन रहेगी, क्योंकि उनका कोई पुराना रोग उभर भर सकता है। राजनीति में आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपका माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके जन समर्थन में भी इजाफा होगा। आपको किसी से कोई वादा सोच समझकर करना होगा, क्योंकि उसे पूरा करने में आपको समस्या हो सकती है।

## एयरटेल- बजाज फायनेंस के बीच वित्तीय सेवाओं के लिए साझेदारी

भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल और देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने आज वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफार्मों में से एक बनने और वित्तीय सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस अनूठी साझेदारी में एयरटेल के सैतिस करोड़ पचास लाख का सक्रिय ग्राहक, 12 लाख से अधिक का विशाल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, तथा बजाज फाइनेंस की 27 उत्पाद लाइनों का विविध समूह, और 5,000 से अधिक शाखाएं एवं 70,000 क्षेत्रीय एजेंट शामिल है ।एयरटेल, बजाज फाइनेंस के खुदरा वित्तीय उत्पाद शुरूआत में अपने एयरटेल थैंक्स ऐप पर, और बाद में अपने स्टोर के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से भी उपलब्ध कराएगा, ताकि ग्राहकों को इस सुविधा का सहज और सुरक्षित अनुभव मिल सके। दोनो कंपनियों की डिजिटल परिसम्पतियों की संयुक्त ताकत एयरटेल और बजाज फाइनेंस को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पहुंच को और बेहतर बनाने में सक्षम बनाएगी। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी गोपाल विट्टल ने कहा, एयरटेल और बजाज फाइनेंस, इस देश के दो भरोसेमंद नाम हैं, जो लाखों भारतीयों को वित्तीय जरूरतों के विविध पोर्टफोलियो के साथ सशक्त बनाने का साझा दृष्टिकोण रखते हैं। दोनों कंपनियों की संयुक्त पहुंच, पैमाना और वितरण शक्ति इस साझेदारी की आधारशिला के रूप में काम करेगी और हमें बाजार में सफल होने में मदद करेगी। हम एयरटेल फाइनेंस को कंपनी के लिए एक रणनीतिक परिसंपत्ति के रूप में विकसित कर रहे हैं और इसमें निवेश तथा इसका विकास करना जारी रखेंगे। आज हम पर एक मिलियन से अधिक ग्राहक अपना भरोसा जता रहे हैं। हमारा लक्ष्य एयरटेल फाइनेंस को अपने ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों के लिए वन-स्टॉप शॉप बनाना है।

# भारत में आस्था का महाकुंभ और विदेशों में बढ़ती नास्तिकता

**(सुभाष आनंद-विभूति फीचर्स)**

इन दिनों प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, जहां देश विदेश से करोड़ों लोग आ रहे हैं और पुण्य स्नान का लाभ उठा रहे हैं। यहां आने वाले लोग सनातन धर्म में भरपूर आस्था रखते हैं। एक ओर प्रयागराज के महाकुंभ में आस्था का समुन्दर उमड़ रहा है वहीं दूसरी ओर शेष विश्व में नास्तिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। प्रोफेसर डेविड बूथ का कहना है कि पिछले 40-50 वर्षों में पश्चिमी देशों में धर्म के नाम पर आस्था निरंतर कम हुई है, लेकिन भारत,पाकिस्तान,ईराक ,ईरान में धर्म पर आस्था बढ़ती दिख रही है। वैसे यह भी सत्य है कि दुनिया में आस्था कभी भी समाप्त नहीं हो सकती कम अवश्य हो सकती है। भारत से बाहर शेष विश्व में जिस प्रकार नास्तिक लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है तो क्या वहां धार्मिक होना अतीत की बात हो जाएगी,इस प्रश्न का उत्तर मुश्किल ही नहीं बल्कि बहुत मुश्किल है। कैलिफोर्निया में क्लेरमांट के पिटजुर कालेज में सामाजिक विज्ञान के प्रोफेसरों ने एक सर्वे किया है और उनका कहना है कि दुनिया भर में नास्तिक लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है और धार्मिक आस्था में कमी आ रही है। इस तथ्य की पुष्टि गैल्प इंटरनेशनल ने भी की है। गैल्प इंटरनेशनल ने 2020 से 2024 तक 97 देशों में एक लाख से अधिक लोगों को अपने सर्वे में शामिल किया।

**नास्तिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है**-सर्वे में कहा गया है कि जिन 100 देश के लोगों को शामिल किया गया, उनके अनुसार धर्म के नाम पर उनकी आस्था बहुत तीव्रता से कम हो रही है ।धर्म को मानने वालों की संख्या 76 फीसदी से कम होकर अब 64% तक रह गई है । खुद को नास्तिक बताने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। विश्व में नास्तिकों की संख्या 26 % को पार कर चुकी है, सर्वे से पता चला है कि चीन में 91% लोग नास्तिक है,जापान में 86%, स्वीडन में 78%, चैक रिपब्लिकन में 75%, यूके में 72 फीसद, बेल्जियम में 71%, एस्टोनिया में 70.8%, ऑस्ट्रेलिया में 70%, नार्वे में 70%, डेनमार्क में 68% नास्तिक हैं। सर्वे के नुसार नास्तिकों की संख्या में सबसे ज्यादा वृद्धि उन देशों में हुई है जो अपने नागरिकों को आर्थिक, राजनीतिक और अस्तित्व की ज्यादा सुरक्षा देते हैं। 100 वर्ष पहले जापान, ब्रिटेन, नीदरलैंड, जर्मनी,फ्रांस जैसे देशों में धर्म को उच्च स्थान दिया जाता था, अब इन देशों में ईश्वर को मानने वालों की संख्या बड़ी तेजी से कम हो रही है। दूसरी ओर रूढ़िवादी देशों में धर्म के नाम पर आस्था बढ़ रही है। वही , ब्रिटिश कोलंबिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों का कहना है कि नास्तिकों के बढ़ने के कारण धर्म कभी समाप्त नहीं होगा, हां शनैः शनैः कम जरूर हो जाएगा, मौलवी,पंडित ,धर्मगुरु, प्रचारकों और पादरियों का कहना है कि जैसे-जैसे विश्व में नास्तिकों की संख्या बढ़ रही है त्यों त्यों धरती पर पाप बढ़ रहे हैं जिससे आगे दुःख बढ़ेगा। धर्मगुरुओं का कहना है कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन से विश्व पर संकट बढ़ेगा और प्राकृतिक संसाधनों की कमी होगी । वह चाहते हैं कि दुनिया की परेशानियां चमत्कारिक ढंग से दूर हों ,हम शांतिपूर्वक ढंग से जीवन का निर्वाह करें , ऐसा तब ही होगा जब धर्म हमारे आसपास रहेगा। ऐसा इसलिए है कि मानव के




विकास के दौरान ईश्वर की जिज्ञासा हमारी प्रजाति के तांत्रिका तंत्र से बची रहती है। इसको समझने के लिए दोहरी प्रक्रिया के सिद्धांत को समझने की जरूरत है ।मनोवैज्ञानकों का कहना है कि हमारे दो विचार सिस्टम है ,सिस्टम एक और सिस्टम दो। सिस्टम दो अभी-अभी विकसित हुआ है ,यह अपने-अपने दिमाग की उपज है जो हमारे दिमाग में बार-बार गूंजती है। कभी चुप हो जाती है कभी योजना बनाने और यांत्रिक रूप से सोचने को मजबूर करती है। दूसरा सिस्टम एक सहज ,स्वाभाविक और ऑटोमेटिक है। यह बातें इंसान के जीवन में नियमित विकसित होती रहती है ।इसमें कोई फर्क नहीं पड़ता कि इंसान कहां पैदा हुआ है वह अस्तित्व का तंत्र या सिस्टम बिना सोचे समझे हमें बिना ज्यादा प्रयास किये सजीव और निर्जीव चीजों की पहचान करने की क्षमता देता है। बच्चों को माता-पिता की पहचान कराता है। यह दुनिया को बेहतर ढंग से समझने, प्राकृतिक आपदाओं या अपने करीबियों की मौत की घटनाओं को समझने में मदद करता है। इंसान स्वाभाविक तौर पर मानना चाहता है कि वह किसी बड़ी तस्वीर का हिस्सा है और जीवन पूर्ण रूप से निरर्थक नहीं है। हमारा मन उद्देश्य और स्पष्टीकरण के लिए लालायित रहता है, धार्मिक विचारों को अपनाना मनुष्य के लिए सबसे कम प्रतिरोध का रास्ता है। धर्म से छुटकारा पाने के लिए आपको मानवता में कुछ मूलभूत बदलाव लाने होंगे। ईश्वर के प्रति आस्था की बात करें तो 25% अमेरिकन किसी चर्च से संबंध नहीं रखते ,लेकिन सर्वे में 62 फीसदी ने बताया कि वह ईश्वर में विश्वास रखते हैं ,32% ने बताया कि वह धार्मिक प्रवृत्ति के लोग हैं। दुनिया भर के सर्वे के पश्चात कुछ लोगों ने कहा है कि उन्हें ईश्वर में कोई यकीन नहीं, अभी तक उसे किसी ने देखा नहीं है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि अलौकिक सजा एक परिकल्पना है तो मुल्ला,मौलवियों ,पादरियों ,पंडितों,धर्म गुरुओं का कहना है कि धर्म इंसानों से कभी दूर नहीं जा सकता ,धर्म मनुष्य के दिलों में डर और प्रेम दोनों बनाए रखता है।

**भारत में क्यों ज्यादा है आस्तिक ?-**

एक प्रश्न के उत्तर में यह बताया गया है कि भारत में 90% लोग आस्तिक हैं और केवल 10 फीसदी लोग नास्तिक हैं। भारत में लोग धर्म गुरुओं और डेरो से भी जुड़े हुए हैं ।सिखों का गुरुद्वारे में अथाह विश्वास है। उसी प्रकार इस्लाम धर्म से जुड़े मुस्लिम समाज भी मस्जिदों में सजदा करते है। ईसाई लोग अपने पवित्र गिरजाघर में जबकि हिंदू किसी व्यक्ति विशेष से जुड़ने के बजाए अपने घरों में और धार्मिक स्थलों पर ईश्वर आराधना में विश्वास रखते हैं। हर समाज में अनेक धर्मगुरु हैं। धर्मगुरु अपने-अपने धर्म का प्रचार करने में लगे हुए हैं । केवल 10 % लोग ही यहां नास्तिक हैं।(विभूति फीचर्स)

# जिले के 7217 किसानों से अब तक 24945 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**दंतेवाड़ा, 22 जनवरी ।** कार्यालय जिला खाद्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफविपणन वर्ष 2024-25 हेतु जिले के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में दिनांक 20 जनवरी की स्थिति में जिले के कुल 7217 किसानों से कुल 24945 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही विभिन्न धान खरीदी केन्द्रो से 9139 मेट्रिक टन धान का उठाव भी किया जा चुका है। किसानों से औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के धान का क्रय सहकारी समितियों के माध्यम से करने के अलावा अमानक, खराब धान खरीदी केन्द्रो में आने पर उक्त धान को अस्वीकृत (रिजेक्ट) कर किसानों को अच्छी गुणवत्ता का धान विक्रय हेतु खरीदी केन्द्रो में लाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके तहत जिले के धान खरीदी केन्द्र बालूद में दिनांक 20 जनवरी को धान बेचने आये किसान श्री लखन सेठिया, श्री ब्रिजेश कुमार तथा श्रीमती मुन्नी दिवान द्वारा लाये गये 04 ट्रेक्टर धान अमानक पाये जाने पर धान वापस किया गया। इसके साथ ही कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश अनुरूप एवं खाद्य अधिकारी श्री कीर्ति कुमार कौशिक के मार्गदर्शन में दिनांक 21 जनवरी को समय रात्रि 3 बजे खाद्य एवं कृषि उपज मंडी गीदम की संयुक्त टीम द्वारा बाईपास दंतेवाड़ा के पास वाहन क्रमांक सीजी 18 पी 1141 व सीजी 18आर 7191 को रोककर जांच की गई जिसमें क्रमशः 65 बोरी धान व 80 बोरी धान पाया गया। वाहन चालक श्री श्याम बिहारी शिवहरे, व चालक श्री सुशील कुमार से धान के संबंध में दस्तावेज मांगे जाने पर जांच मौके पर प्रस्तुत नहीं किया गया। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के प्रावधानों के तहत वाहनों में स्थित 145 बोरी धान को जप्त कर धान खरीदी केन्द्र दंतेवाड़ा (बालूद) के समिति प्रबंधक श्री परमानन्द पाण्डे, की सुपुर्दगी में आगामी आदेश तक सुरक्षित रखने हेतु दिया गया। इस कार्यवाही में सहायक खाद्य अधिकारी श्री योगेश कुमार मिश्रा, खाद्य निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार सोनवानी, खाद्य निरीक्षक श्री सचिन कुमार तथा मंडी उपनिरीक्षक श्री बालमुकुंद यादव शामिल थे ।





## समाचार संक्षेप

# कलेक्टर,एसपी ने पत्रकारों को दिया हेलमेट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सक्ती।** 36 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत परवाह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक यातायात पुलिस विभाग द्वारा किया जा रहा है इसी कड़ी में 21 जनवरी को कलेक्टर जिला कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने सड़क सुरक्षा सप्ताह को पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रेस के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने की अपील की साथ ही इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों को हेलमेट भी प्रदान किया। एसपी अंकिता शर्मा ने कहा कि

गाड़ी चलाते समय मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल ना करें,,,शराब सेवन कर गाड़ी ना चलाये लोगो को भी समझाये,,,,हेलमेट बाल बिगाडता नहीं है इसलिए हेलमेट सुरक्षित कवच कहलाता है,,

दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठे,,,,गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग ज़रूरी है,,,

मालवाहक गाड़ी में सवारी करने पर कार्यवाही की जाएगी,,वाहनो में ब्लेक फिल्म प्रतिबंधित,,गाडी चलाते वक्त किसी दूसरी गाड़ी को ओवर टेक ना करें,,,गाडी चलाते वक्त हेलमेट ज़रूर पहने,,,गाड़ी हमेशा धीरे चलाएं ,,,

शराब पीकर वाहन चलाना मतलब मौत को घर बुलाना है।

## एक नजर

### भोपापटनम बीईओ प्रवीण बदले गए कंडिक नारायण को सौंपा गया प्रभार

**बीजापुर, 22 जनवरी।** जिला कलेक्टर के एक आदेशानुसार विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थे भोपापटनम के बीईओ प्रवीण कुमार कुडेम को वर्तमान पद से हटाकर उन्हें उनके मूल पदस्थ स्थान पर वापस भेजा गया है उनके स्थान पर पूर्व बीईओ रह चुके के नारायण को पुनः बीई ओ का प्रभार सौंपा गया है ।

### कलेक्टर ने चुनाव के लिए ली राजनैतिक दलों की बैठक

**दंतेवाड़ा, 22 जनवरी ।** जिला कार्यालय के प्रथम सभागार में आज नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के द्वारा राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने नगर पालिकाओं और पंचायतों के आम निर्वाचन तथा आदर्श आचार संहिता के बारे में राजनैतिक दलों को अवगत कराया। बैठक में जानकारी दी गई कि नगरीय निकाय हेतु निर्वाचन की सूचना, आरक्षण, की स्थिति, मतदान केन्द्रों के प्रकाशन की सूची, तथा नामनिर्देशन प्राप्त करने की तिथि 22 जनवरी को नियत है। इसी क्रम में त्रिस्तरीय पंचायत हेतु 27 जनवरी को निर्वाचन की सूचना, आरक्षण, की स्थिति, मतदान केन्द्रों के प्रकाशन की सूची, तथा नामनिर्देशन प्राप्त करने की तिथि निर्धारित है। इसके अलावा नामनिर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि नगरीय निकाय हेतु 28 जनवरी तथा पंचायतों हेतु 3 फरवरी, नामनिर्देशन की संवीक्षा, 29 जनवरी को नगरीय निकाय तथा 4 फरवरी को पंचायतों की जावेगी। नगरीय निकाय के अभ्यर्थी 31 जनवरी को तथा पंचायतों के अभ्यर्थी 6 फरवरी तक अपना नाम वापस ले पाएगें। नगरीय निकाय हेतु मतदान 11 फरवरी प्रातः 8 बजे से 5 बजे तक तथा मतगणना तथा निर्वाचन परिणामों की घोषणा 15 फरवरी को होगी।इसके अलावा दंतेवाड़ा जिले लिए त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए मतदान तीन चरणों में होगा। जिसमें प्रथम चरण के निर्वाचन 17 फरवरी द्वितीय चरण का 20 फरवरी तृतीय चरण 23 फरवरी को होगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा, सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आम निर्वाचन के लिए थाने-चौकी में जमा होंगे हथियार

**दंतेवाड़ा, 22 जनवरी ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा होने वाली आगामी नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 तथा शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने हेतु एवं लोक शांति की सुरक्षा हेतु साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए दन्तेवाड़ा जिला सीमा क्षेत्र में आयुध अधिनियम लागू कर दिया गया है इसके अनुसार आग्नेय अस्त्र लाइसेंसियों से सभी अस्त्र जमा करवा लिए जाए।

ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा इन अस्त्रों का दुरुपयोग होने से रोका जा सके। इस प्रकार आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लाज (बी), धारा-21 के तहत दन्तेवाड़ा जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियों को आदेशित किया गया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 48 घंटे के अंदर जमा करायें। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लाइसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लाइसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लाइसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड, वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय राइफल संघ व जिला राइफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थाओं के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे।

### 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अधिकारी, कर्मचारी लेंगे शपथ

**दंतेवाड़ा, 22 जनवरी ।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार दिनांक 25 जनवरी 2025 को 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाना है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यालयीन समय अनुसार जिला कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाया जाएगा।

#### आचार संहिता प्रभावी होते ही सम्पत्ति विरूपण पर कार्रवाई शुरु

# सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ जगरगुंडा सड़क मार्ग निर्माण आरंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 22 जनवरी।** जिले के दोरनापाल से जगरगुंडा सड़क मार्ग निर्माण कार्य किया जा रहा है. जहां पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा दोरनापाल-जगरगुण्डा एवं भेज्जी चिंतागुफा सड़क निर्माण कार्य का किया गया औचक आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उच्च गुणवत्ता पूर्ण एवं मानकों के अनुरूप सड़क एवं पुल पुलिया का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने संबंधित निर्माण एजेंसियों को दिया गया आवश्यक निर्देश।

पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के द्वारा जिले सड़क निर्माण कार्य प्रगति की जा रही है प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग।

सुरक्षा बलों के सुरक्षा के साय में हो रहा है तेजी से सड़क निर्माण का कार्य।

बहुत जल्द ही दोरनापाल से जगरगुण्डा तक पक्की सड़क की सौगात क्षेत्र के आम जनता को मिलेगी जिससे सरल सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सकेगी।पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण, उप पुलिस अधीक्षक सपन चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक रविकान्त सहारे के साथ बहु प्रतीक्षीत दोरनापाल-जगरगुण्डा एवं भेज्जी चिंतागुफा मार्ग निर्माण कार्य का आकस्मिक औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान संबंधित निर्माण एजेंसियों को सड़क निर्माण कार्य उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं सभी मानकों के अनुरूप शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया है, ज्ञात हो कि उक्त सड़क निर्माण कार्य के जिला सुकमा पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार आवश्यक सुरक्षा बल उपलब्ध कराये जा रहे हैं, बहुत जल्द ही क्षेत्र के जनता को दोरनापाल से जगरगुण्डा तक बारहमासी उपयोगी पक्की सड़क सरल एवं सुगम आवागमन के लिए सौगात मिलेगी इससे क्षेत्र के जनता को आवागमन में होने वाली वर्षो से चली आ रही परेशानियों एवं कठिनाईयों का सामना करना नहीं पड़ेगा, सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने पर नक्सल उन्मूलन अभियान में भी तेजी आयेगी एवं क्षेत्र अन्य विकास कार्यो की पहुंच बढ़ेगी जिसका लाभ क्षेत्र के जनता को मिलेगा।विदित हो कि दोरनापाल से जगरगुण्डा तक कुल 49 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के साथ 14 पुल एवं 103 पुलिया निर्माण किया जाना है। जिसमें से 31 किलो मीटर सड़क, 05 पुल, 77 पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं 18 किलोमीटर सड़क, 09 पुल, 26 पुलिया की कार्य प्रगति पर है, जिसे जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा निर्माण कार्य एजेंसियों से लगातार मॉनिटरिंग करते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा।



# महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में कॉलेज टीम रही विजेता





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 22 जनवरी।** बीजापुर में यातायात पुलिस द्वारा आयोजित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य न केवल खेल को बढ़ावा देना था, बल्कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करना भी था।

प्रतियोगिता में 12 महिला क्रिकेट टीमों ने भाग लिया, और फाइनल मुकाबला डीआरजी महिला पुलिस और कॉलेज महिला क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। कॉलेज महिला क्रिकेट टीम ने जीत हासिल की और सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा क्रिकेट विजेता का खिताब अपने नाम किया।डीआरजी महिला क्रिकेट टीम उप विजेता एवं बीजापुर स्पोर्ट एकेडमी तीसरे स्थान पर रही । समापन समारोह में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव ने विजेता टीमों को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान किए। इस अवसर पर, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया और लोगों से सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने, नशा सेवन न करने, और तेज रफ्तार गाड़ी न चलाने की अपील की।दिनांक 19/01/2025 से 20/01/2025 को दो दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बीजापुर में किया गया था, जिसमें 12 महिला क्रिकेट टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबला डीआरजी महिला पुलिस और कॉलेज महिला क्रिकेट टीम के बीच खेला गया, जिसमें कॉलेज महिला क्रिकेट टीम ने जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य न केवल खेल को बढ़ावा देना था, बल्कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करना भी था।समापन समारोह में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव ने विजेता टीमों को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान किए। विजेता टीम को ?15001 नगद एवं विजय ट्रॉफी दी गई, जबकि उप विजेता को ?10001 नगद एवं ट्रॉफी और तीसरे स्थान को को ?5001 नगद एवं ट्रॉफी दी गई।बीजापुर में आयोजित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने पुलिस प्रशासन और यातायात को बेहतर आयोजन के लिए सराहना की। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया, जैसे कि फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट लगाना, दो पहिया वाहनों में हेलमेट पहनना, नशा सेवन न करना, और तेज रफ्तार गाड़ी न चलाना ।पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव ने भी यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि नियमों का पालन करके हम स्वयं के साथ दूसरों के प्राणों की भी रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन यातायात नियमों की प्रति लोगों को सजग एवं जागृत करने के उद्देश्य से किया गया है।

### सर्किट हाउस में नहीं ठहर सकेंगे राजनैतिक दल के व्यक्ति

**कांकेर, 22 जनवरी ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन-2025 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने निर्वाचन घोषणा होने की तिथि से निर्वाचन समाप्ति की तिथि के मध्य कोई भी राजनैतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विश्राम भवनों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस आदि में चुनाव प्रचार-प्रसार अथवा राजनैतिक उद्देश्य से न तो ठहर सकेंगे और न ही वहां पर किसी प्रकार की राजनैतिक गतिविधियां कर सकेंगे।जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि पात्रतानुसार तथा उपलब्धतानुसार उन्हें इन विश्राम भवनों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस आदि में कक्ष उपलब्ध कराया जा सकता है, किन्तु भोजन इत्यादि की व्यवस्था नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त पात्रतानुसार ठहरने वाले व्यक्ति से निर्धारित राशि जमा कराकर विधिवत रसीद दी जाए।

# शासकीय संपत्ति को विकृत करने पर संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

**कांकेर, 22 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम, उप निर्वाचन 2025 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं, बैनर लगाये जाते हैं, पोस्टर चिपकाये जाते हैं तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 पारित किया है। इस अधिनियम की धारा-3 के तहत कोई भी संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपति करेगा, वह 1000 रूपये तक के जुर्माने से दण्डनीय होगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा-5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेशित किया है कि चुनाव प्रचार के दौरान यदि विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा किसी शासकीय एवं अशासकीय भवन की दीवारों पर किसी भी प्रकार के नारे लिखकर विकृत किया जाता है, विद्युत एवं टेलीफोन के खंभों पर झंडियां लगाई जाती हैं अथवा ऐसे पोस्टर एवं बैनर लगाकर शासकीय संपत्तियों को विकृत किया जाता है तो ऐसे पोस्टर एवं बैनर हटाने के लिए चुनावी नारे मिटाने के लिए अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा 'लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता' टीम गठित की गई है, जिसमें नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग तथा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। यह टीम लोक सुरक्षा संपत्ति दस्ता अनुविभागीय अधिकारी, दण्डाधिकारी के देखरेख में कार्य करेगी। टीम द्वारा सघन भ्रमण कर विरूपित संपत्ति को संपत्ति विरूपण करने वाले के व्यय पर पूर्व स्वरूप में लायेगी तथा संपत्ति विरूपण करने वाले तत्वों के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत एफ आई. आर. दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।जारी आदेशानुसार यदि किसी राजनैतिक दल या चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी द्वारा किसी निजी संपत्ति को बिना उसके स्वामी की लिखित सहमति के विरूपित किया जाता है तो निजी संपत्ति के स्वामी द्वारा संबंधित थाने में सूचना दर्ज कराने के बाद गठित टीम निजी संपत्ति को विरूपित होने से बचाने की कार्यवाही करेगी एवं संबंधित थाना प्रभारी प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर विधिवत् जांच कर सक्षम न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार किसी धार्मिक स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जाएगा। अनुविभागीय दण्डाधिकारी लोक संपत्ति विरूपण से संबंधित प्राप्त शिकायतों को एक पंजी में पंजीबद्ध करेंगे तथा शिकायत की जांच कर तथ्य सही पाये जाने पर लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करेंगे तथा विरूपित संपत्ति की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी कराएगी।

### राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 27 जनवरी को

**दंतेवाड़ा, 22 जनवरी।** कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 27 जनवरी 2025 दिन सोमवार को समय प्रातः 10 बजे से नवीन संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के शंकनी सभाकक्ष (भू-तल) में आयोजित की गई है। इसमें संबंधित समस्त अधिकारीगण, आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके तहत सर्व संबंधितों को सूचित किया गया है कि उक्त बैठक में एजेण्डा अनुसार संपूर्ण जानकारी 22 जनवरी 2025 दोपहर 12 बजे तक राजस्व लेखा शाखा में जमा करके उक्त बैठक में उपस्थित होवें।

# शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने अस्त्र-शस्त्र पुलिस थाने में जमा कराने के निर्देश

**कांकेर, 22 जनवरी ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन-2025 के निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने तथा लोक शांति की सुरक्षा के साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए कांकेर जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करवाने का आदेश जारी किया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित न हो तथा इन लॉयसेंसी शस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोका जा सके। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लॉज (बी) धारा -21 के तहत उपरोक्तानुसार सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लॉयसेंसियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस थाने में तत्काल जमा कराए। इसके अतिरिक्त लॉयसेंसी अपने शस्त्र कांकेर के शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपॉजिट करने अनुज्ञप्ति है वहां भी जमा करा सकते हैं। जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे। यह आदेश इस जिले में निवासरत एवं बाहर जिले से आये समस्त लायसेंसी शस्त्रधारियों पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी शस्त्र अधिसूचना अवधि समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेगें। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गॉर्ड/वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गॉर्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गॉर्ड मुक्त रहेंगे।उक्त आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गॉर्ड, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों पर सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गॉर्ड मुक्त रहेंगे, लेकिन वे अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में अवश्य देंगे तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे। आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया है कि ऐसे अनुज्ञप्तिधारी (लायसेंसी) व्यक्ति जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति-आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट कांकेर के कक्ष क्रमांक 15 में लायसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। उक्त आदेश के तहत वे सभी अनुज्ञप्तिधारी जिन्हें इस आदेश से मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी ।

### जिले के मतदाताओं से कलेक्टर ने की मताधिकार का प्रयोग करने की अपील

**कांकेर, 22 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु घोषणा की जा चुकी है। जिले में स्थित नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत में मतदान आगामी 11 फरवरी एवं 15 फरवरी को मतगणना सम्पन्न होगी। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायतों में निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले में तीन चरणों में क्रमशः 17, 20 और 23 फरवरी को मतदान, मतगणना सम्पन्न होगी।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेश कुमार महेदेव क्षीरसागर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का बहुत महत्व है।

एक नजर

## अवैध धान परिवहन करते माजदा गाड़ी सहित 450 कट्टा धान जब्त



**महासमुंद 22 जनवरी।** सरायपाली तहसील के ग्राम चिवराकुटा में अनुविभागीय अधिकारी (आईएएस) सुश्री नम्रता चौबे के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई की। तहसीलदार श्री श्रीधर पंडा ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई, राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई में एक माजदा गाड़ी से 450 कट्टा धान अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ी गई।

उन्होंने बताया कि यह धान बिना किसी वैध दस्तावेज के परिवहन किया जा रहा था। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी को रोककर जांच की, जिसमें परिवहन संबंधी किसी प्रकार के कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके बाद गाड़ी और धान को जब्त कर लिया गया। जब्त धान और वाहन को मंडी के सुपुर्द कर दिया गया है, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगीगौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों की रक्षा और बिचौलियों पर नियंत्रण के लिए ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि अवैध भंडारण की जानकारी मिलने पर तुरंत इसकी सूचना दें, ताकि आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## कलेक्टर के बिना अनुमति अवकाश पर नहीं जायेंगे शासकीय अधिकारी-कर्मचारी

**रायगढ़, 22 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के द्वारा 20 जनवरी 2025 को नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 सम्पन्न कराए जाने हेतु कार्यक्रम की घोषणा की गई है तथा निर्वाचन की घोषणा तिथि से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है जो निर्वाचन समाप्ति तक लागू रहेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन/ त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 की कार्यवाही संपन्न होते तक जिला रायगढ़ अंतर्गत सभी शासकीय/अर्ध शासकीय, निगम, मण्डल के अधिकारियों एव कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाता है।निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी-कर्मचारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान अथवा मुख्यालय परित्याग करने पर संबंधित जिला प्रमुख/नियंत्रण अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## कौहाकुंडा में आवासीय नशा मुक्ति केन्द्र चलाया जा रहा

**रायगढ़, 22 जनवरी।** रायगढ़ में नशा पीड़ितों हेतु नशा मुक्ति के लिए समाज कल्याण विभाग अंतर्गत नवजीवन व्यसन मुक्ति केन्द्र (नशा मुक्ति केन्द्र) कौहाकुण्डा, पहाड़ मंदिर रोड, 15 बिस्तरों का अंतःवासी संस्था का संचालन किया जा रहा है। जिसमें नशा से पीड़ित व्यक्तियों के लिए निःशुल्क चिकित्सकीय उपचार, देखभाल, भोजन की व्यवस्था, वस्त्र एवं आवासीय सुविधाओं सहित नियमित रूप से हितग्राहियों को व्यायाम, योगा, खेलकूद एवं मनोरंजन व शिक्षा के माध्यम से नशो के दुष्प्रभावों को बताते हुए नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। समस्याओं के निराकरण हेतु हेल्पलाईन नंबर 155-326 एवं टोल फ्री नंबर 1800-233-8989 में जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं नवजीवन नशामुक्ति केन्द्र के समन्वयक के मोबाइल नंबर 8109924593 पर संपर्क किया जा सकता है।

## आम निर्वाचन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 22 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के द्वारा 20 जनवरी 2025 को नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिये कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही जिले के नगरीय क्षेत्र/त्रिस्तरीय पंचायत क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन/ त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 की कार्यवाही संपन्न होते तक जिले में निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदर्श आचरण संहिता से संबंधित आवश्यक निर्देशों की जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी को निर्वाचन अवधि के दौरान निष्पक्ष रहना है। चुनावी सभा की अनुमति के संबंध में विभिन्न दलों के बीच भेदभाव न किया जाए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डॉ.प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, विश्राम गृह तथा अन्य स्थानों में शासकीय आवास का उपयोग करने संबंधी शर्तों, आम सभा, मंत्री गणों के चुनावी दौरे, अनुदान स्वीकृति, शिलान्यास अथवा उद्घाटन आदि पर प्रतिबंध एवं आवश्यक निर्देशों की जानकारी जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल द्वारा दी गई। 22 जनवरी से आरंभ हो रहे हैं नगरीय निकायों के नामांकन पत्र दाखिले से संबंधित दायित्व एवं प्रक्रिया की पूरी जानकारी भी इसी क्रम में जिले के सभी नगरीय निकायों के रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा उनकी टीम के सदस्यों को प्रदान की गई।

# खरसिया नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से रमेश अग्रवाल का नाम?





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,22 जनवरी।** विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरसिया के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश अग्रवाल को खरसिया नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी बनाएं जाने का निर्णय पार्टी स्तर पर नंदेली हाउस द्वारा ले लिया गया है। ऐसी भी जानकारी मिली है कि क्षेत्रिय विधायक से विस्तृत चर्चा के पश्चात रमेश अग्रवाल ने तो अपनी स्वीकृति दे दी है किंतु उन्होंने परिवारजन, पार्टी कार्यकर्ता एवं नगर के अपने मित्रो से चर्चा करने के लिए कुछ समय की मांग की है। इन सब परिस्थितियों से मिली जानकारी के अनुसार यह तो तय है की पार्टी स्तर पर खरसिया विधायक उमेश पटेल ने रमेश अग्रवाल के नाम का मन बना लिया है। सूत्र ने यह भी बताया की खरसिया नगर पालिका चुनाव कांग्रेस पार्टी अपने लोकप्रिय नेता उमेश पटेल के नेतृत्व में जोरदार ढंग से लड़ेगी और वार्डो में तथा अध्यक्ष पद के लिए पार्टी शानदार ढंग से विजय प्राप्त करेगी। यदि कांग्रेस से रमेश अग्रवाल प्रत्याशी होते है तो खरसिया नगरपालिका अध्यक्ष पद का चुनाव भाजपा के लिए कठिन हो सकता है। विशेष परिस्थितियों में रमेश अग्रवाल के इंकार करने पर कांग्रेस नेता लाला राठौर का नाम भी प्रमुखता से चल रहा है।

## निर्वाचन के दायित्वों का सजगता से करें निर्वहन: कलेक्टर



**रायगढ़, 22 जनवरी।** आचार संहिता प्रभावी होने के पश्चात कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी जिला अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल और सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी इस बैठक में शामिल हुए।कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्वाचन कार्यक्रमों की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन में मिले दायित्वों का पूरी सजगता से निर्वहन करें। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकायों में निर्वाचन एक चरण में संपन्न होंगे और यह चुनाव ईवीएम से करवाया जाएगा। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में निर्वाचन संपन्न होंगे जो मतपेटी से होगा। इसके लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी सेक्टर ऑफिसर्स को उनके मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने जिला अधिकारियों को दिए गए जिम्मेदारियों के सम्बन्ध दिशा निर्देश भी दिए गए। उन्होंने मतदान केंद्रों में तैयारी, मतदान दलों के गठन और प्रशिक्षण, मतदान सामग्री का वितरण और वापसी, मतगणना, स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं, निर्वाचन व्यय लेखा जांच सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए अब तक हुई तैयारियों की समीक्षा की गई।इस दौरान बैठक में डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस की तैयारी राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप करें कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आगामी गणतंत्र दिवस आयोजन की तैयारियों एक संबंध में कहा कि इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उसी के अनुरूप सभी अधिकारी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दें।

## नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद 22 जनवरी।** नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु 22 जनवरी से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। इस संबंध में जिले के समस्त नगरीय निकायों, महासमुंद, बागबाहरा, सरायपाली, बसना, पिथौरा एवं तुमगांव के रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रवि कुमार साहू ने इस अवसर पर कहा कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करते समय रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रारंभिक जांच कर लिया जाए तथा किसी तरह की कमी होने पर संबंधित व्यक्ति को चेक लिस्ट बनाकर सूचित किया जाए।

## कलेक्टर ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की ली बैठक



**रायगढ़, 22 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा उपरांत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिला अंतर्गत सभी नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील एवं निर्वाचन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोयल ने कहा कि नगरीय निकाय हेतु 01 महापौर, 06 अध्यक्ष एवं 141 पार्षद पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया होनी है। जिसके लिए 22 जनवरी से 28 जनवरी 2025 तक नाम निर्देशन लिया जाएगा। इसी प्रकार 29 जनवरी को संवीक्षा तथा 31 जनवरी को अभ्यर्थी नाम वापसी एवं प्रतीक चिन्ह आवंटन प्रक्रिया की जाएगी। इसके पश्चात 11 फरवरी को मतदान तथा 15 फरवरी 2025 को मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की जाएगी। नगरीय निकाय निर्वाचन में 1 लाख 95 हजार 336 मतदाता शामिल होंगे।कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिला पंचायत सदस्य 18, जनपद सदस्य के 159, सरपंच 550 एवं पंच के 7497 पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की जाएगी। जिसके 27 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक नाम निर्देशन, 4 फरवरी को संवीक्षा, 6 फरवरी को अभ्यर्थी द्वारा नाम वापसी एवं प्रतीक चिन्ह का आबंटन किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में मतदान तीन चरणों में संपन्न होगा। जिसमें 17 फरवरी 2025 को प्रथम चरण में जनपद पंचायत रायगढ़ एवं पुसौर, दूसरे चरण 20 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत खरसिया एवं धरमजयगढ़ तथा तृतीय चरण 23 फरवरी को जनपद पंचायत तमनार, लैलूंगा एवं घरघोड़ा का मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। जिसमें 6 लाख 75 हजार 505 मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होंगे।कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि नगरीय निकाय में ईवीएम मशीन एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन मत पेटी के माध्यम से मतदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय के निर्वाचन के लिए पर्याप्त ईवीएम मशीनें उपलब्ध है। इस दौरान उन्होंने ईसीआई की अधिसूचना की भी जानकारी भी दी। इस दौरान श्री पंकज कंकरवाल, श्री अनिल शुक्ला, श्री प्रिंकल दास, श्री इनोसेंट कुजूर, श्री सैयद शाहबाज रिजवी, श्री राजेंद्र एक्का एवं गोपाल बापोडिया, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।इन कक्षों में होगी नाम निर्देशन की प्रक्रिया कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नाम निर्देशन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी से नगरीय निकायों के लिए नाम निर्देशन प्रारंभ हो जाएगी। रायगढ़ नगर निगम अंतर्गत महापौर के नाम निर्देशन हेतु क्रमांक 2, इसी प्रकार पार्षद हेतु वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक के लिए कक्ष क्रमांक 30, वार्ड क्रमांक 13 से 24 के लिए कक्ष का क्रमांक 37, वार्ड क्रमांक 25 से 36 के लिए कक्ष क्रमांक 14 तथा वार्ड क्रमांक 37 से 48 के लिए कक्ष क्रमांक 16 को नाम निर्देशन कक्ष बनाया गया है। यह प्रक्रिया प्रातः 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक की जाएगी। नाम निर्देशन प्रक्रिया शासकीय अवकाश के दिनों में नहीं होगी।

## जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

**रायगढ़, 22 जनवरी।** नगरीय निकाय/ त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने नगरीय निकाय/ त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपादन के लिए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के समस्त निकायों/ जनपद पंचायतों में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को प्रतिबंधित किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा निर्वाचन की समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचन के दौरान सभी राजनैतिक दल, उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति, अपने दल के प्रचार-प्रसार के लिये ध्वनिविस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते हैं। इन ध्वनिविस्तारक यंत्रों का प्रयोग, न केवल स्थायी रूप से होता है, वरन विभिन्न वाहनों यथा जीप, कार ट्रक टेम्पो, तिपहिया, स्कूटर, सायकल, रिक्शा आदि पर घूम-घूम कर या स्थिर रखकर भी होता है। ये वाहन सभी गलियों, सडकों एवं उप गलियों पर चलते हैं तथा बस्तियों, मोहल्लों एवं कालोनियों से बहुत ऊंची आवाज में लाऊडस्पीकरों से प्रसारण करते हुए जाते हैं। लाऊडस्पीकरों का ऊंची आवाज में प्रयोग करने से विद्यार्थी वर्ग अशांत हो जाते हैं, क्योंकि उनका अध्ययन बाधित होता है। लाऊडस्पीकरों पर अबाध रूप से किये जाने वाले शोरगुल से वृद्ध, दुर्बल, बीमार व्यक्ति को, चाहे वह किसी चिकित्सालय, संस्थान में हो या घर में हो बहुत परेशानी होती है।ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग चुनाव प्रचार करने के लिये वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में, प्रात 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक ही किया जा सकेगा किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किये जायेंगे। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। लोक परिशांति को देखते हुए लम्बे चोंगे वाले लाऊड स्पीकर का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। वाहनों एवं चुनावी सभाओं में एक से अधिक लाऊड स्पीकर समूहों में लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया जाता है। चुनावी सभाओं एवं चुनाव प्रचार करने के लिये वाहनों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने के लिये रायगढ़ जिला अंतर्गत सगस्त नगरीय निकायों/जनपद पंचायतों में अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिखित पूर्वानुगति प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त नगरीय निकायों/जनपद पंचायतों में प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुगति प्राप्त कर सामान्यतः किया जा सकता है परन्तु शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालय, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालय, छात्रावास नगरपालिक निगम/परिषद एवं किसी अन्य स्थानीय निकाय कार्यालय, बैंक, पोस्ट आफिस, दूरभाष केन्द्र आदि से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्य स्थिति में भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। यह प्रतिबंध निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तिथि तक रायगढ़ जिला के समस्त नगरीय निकायों में प्रभावशील रहेगा।

## समस्त शस्त्र लायसेंसियों को थाने में जमा करने होंगे अपने हथियार

**रायगढ़, 22 जनवरी।** नगरीय निकाय/ त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने नगरीय निकाय/ त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा एवं आम व्यक्ति की सुरक्षा की दृष्टि से सीमित अवधि के लिए रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करवाने के निर्देश दिए है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा इन शस्त्रों के संभावित दुरूपयोग को रोका जा सके। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आयुध अधिनियम की धारा के तहत रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्र में रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियों को आदेशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 07 दिवस के अंदर जमा करायें, इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र संबंधित शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने अनुज्ञप्ति है, वहां भी जमा कर सकते है, जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे। संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत् सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने अस्त्र-शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड/वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन इस आदेश के जारी होने के 7 दिवस के भीतर कलेक्ट्रेट, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 02 में लायसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। वे सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हें इस आदेश से मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी ।तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे। दिनांक 20 जनवरी 2025 से निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति के लिए रायगढ़ जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए जाते हैं।संबंधित थाना प्रभारी एवं संबंधित शस्त्र डीलर यह सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह जमा किये जाने वाले शस्त्र का उचित रूप से पंजी बनाकर उसमें जमा किये ।

समाचार संक्षेप

## अस्त्र-शस्त्र जमा करने के निर्देश

**बीजापुर 22 जनवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा द्वारा आगामी नगर पालिका आम निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु कार्यक्रम की घोषणा तिथि से आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने के फलस्वरूप निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु लोक शांति की सुरक्षा (security of public peace) एवं आम व्यक्ति की सुरक्षा (for public safety) की दृष्टि से सीमित अवधि के लिए बीजापुर जिला अंतर्गत नगर पंचायत भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम को छोड़कर समस्त क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेसिंयो से जमा करवाने निर्देशित किया गया है। ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आंतक का वातावरण न हो सके तथा इन अस्त्रो के संभावित दुरूपयोग को रोका जा सके।आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लाज (बी) धारा-21 के तहत् बीजापुर जिला नगर पंचायत भैरमगढ़ व भोपालपटनम को छोड़कर समस्त क्षेत्र में रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियो को आदेशित किया गया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में सात दिवस अंदर जमा करवायें इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र संबंधित शस्त्र डीलर जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने अनुज्ञप्ति है यहा भी जमा कर सकतें है। जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं उसकी सूचना भी संबंधित थाने में करेंगें। संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करेंगें। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेगें।इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों से सुरक्षा गार्ड व वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों को शैक्षणिक संस्थानो एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थाओं के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट बीजापुर के लायसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। इस कंडिका में उल्लेखित वे सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हे इस आदेश से मुक्त रखा गया है को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नही ले जा सकेंगें।20 जनवरी 2025 से निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति नगर पालिका आम एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिये बीजापुर जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले शस्त्र लायसेंसियो बिन्दु क्रमांक 3 के लायसेंसियों के लायसेंस छोड़कर के शस्त्र लायसेंस निलंबित किये जाते है। संबंधित थाना प्रभारी एवं संबंधित शस्त्र डीलर यह सुनिश्चित करेंगे की इस तरह जमा किये जाने वाले शस्त्र का उचित रूप से पंजी बनाकर उसमें जमा किये जाने वाले शस्त्रो का इन्द्राज करेंगें और शस्त्र जमा करने वालो को इस संबंध में पावती देगें। जमा कराये गये शस्त्रों को समुचित रूप से अपने अभिरक्षा में सुरक्षित रखेंगे एवं निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति के पश्चात एक सप्ताह के अंदर संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र लौटाना सुनिश्चित करेगें।

## जिले में आचार संहिता लागू

**बीजापुर 22 जनवरी।** छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका आम निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है तथा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही बीजापुर जिले के नगर पंचायत भैरमगढ़, भोपालपटनम् को छोड़कर आदर्श आचार संहिता भी प्रभावशील हो चुकी है। छ0ग0 निर्वाचन आयोग के द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों एवं आम निर्वाचन के दौरान जिले नगर पंचायत भैरमगढ़, भोपालपटनम को छोड़कर लोक शांति बनाये रखने तथा निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के संदर्भ में यह आवश्यक हो गया है कि जिले में लोक शांति बनाये रखने तथा निर्वाचन प्रकिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय भी किये जावे।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) एवं (2) के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश पारित किया गया है। बीजापुर जिले नगर पंचायत भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम को छोड़कर के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल, तलवार, भाला, बरछा, लाठी, गुप्ती, अथवा अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थानों पर नहीं चलेगा। ऐसे शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए शस्त्र या लाठी रखना आवश्यक है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जो शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था व विकलांगता के कारण सहारे के रूप में लाठी लेकर चलते है।बीजापुर जिले नगर पंचायत भैरमगढ़, भोपालपटनम को छोड़कर के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या दल या संस्था, सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना न तो कोई सभा करेगा, न ही कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा।आदेश का उल्लघंन करने वाले समूह या व्यक्ति के विरूद्ध धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जारी होने के दिनांक से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। चूंकि समय कम होने के कारण किसी पक्ष या व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिया जाना व्यहारिक कारणों से संभव नहीं है।

## किसी भी धार्मिक स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जाएगा

**बीजापुर 22 जनवरी।** जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है, निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलो एवं उनके अभ्यार्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये शासकीय, अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते है तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती है। जिसके कारण शासकीय, अशासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 में निहित प्रावधान अनुसार कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा, उसे एक हजार रूपये तक का अर्थदण्ड लिया जावेगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपत्ति विरूपण के संदर्भ में राज्य में प्रचलित विधि के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्यवाही किया जाना है। अतः एतद् द्वारा निर्देश दिया जाता है कि छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानो का कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कार्यवाही किया जाएगा। संम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलो अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी द्वारा शासकीय एवं अशासकीय भवनो की दीवालो पर किसी भी प्रकार के नारे लिख कर विकृत किया जाता है, तो ऐसे कृत्यों के निवारण के लिए एक टीम तत्काल प्रभाव से गठित गई है। इस टीम में नगरीय निकाय (नगरपालिका निगम, नगर पंचायत) लोक निर्माण विभाग तथा राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मिलित है। आवश्यकता अनुसार पर्याप्त संख्या में टीम गठित कर जिला निर्वाचन कार्यालय बीजापुर को अवगत कराया जाएगा। टीम गठित करने को कार्य नगर पालिका क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (रा0) द्वारा किया गया है। टीम सघन भ्रमण कर विरूपित संपत्ति को संपत्ति विरूपण करने वाले के व्यय पर पूर्ण रूप में लायेगी तथा टीम द्वारा संपत्ति विरूपण करने वाले तत्वो के विरूद्ध अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जावेगी।

एक नजर

### सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई जाएगी शपथ'

**धमतरी 22 जनवरी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हर वर्ष 25 जनवरी को देशभर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। आयोग ने शनिवार को अवकाश वाले कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों को 24 जनवरी को सवेरे 11 बजे शपथ दिलाने के निर्देश दिए हैं। वहीं जहां शनिवार को अवकाश नहीं है, वहां 25 जनवरी को इसका आयोजन किया जाएगा। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन के लिए सभी विभागों के सचिवों, राजस्व मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। परिपत्र में दिए निर्देशों के पालन में धमतरी जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में शुक्रवार 24 जनवरी को सवेरे 11 बजे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने शपथ ली जाएगी।

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत की गई चालानी कार्रवाई

**धमतरी 22 जनवरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू एल कौशिक, जिला नोडल अधिकारी डॉ. एम.ए. नसीम के मार्गदर्शन में गत दिनों स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर के 100 मीटर क्षेत्र में विभिन्न तम्बाकू बिक्री दुकानों मे जिला प्रवर्तन दल द्वारा निरीक्षण कर कोटपा एक्ट के तहत 'साइन बोर्ड' दुकानों मे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके के साथ ही चेतावनी जारी किया गया और चालानी कार्यवाही की गई। चलानी कार्यवाही के दौरान औषधी निरीक्षक श्री संदीप सूर्यवंशी, श्री गिरीश कश्यप एवं स्वास्थ्य विभाग के श्री विकास कुमार उपस्थित रहे।

### बच्चों को विटामिन ''ए'' सिरप पिलाकर किया गया जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

**धमतरी 22 जनवरी।** शिशु संरक्षण माह का द्वितीय चरण आज से शुरू हो गया, जो कि 21 फरवरी तक चलेगा। मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिया कंवर के द्वारा सिविल अस्पताल कुरूद में बच्चों को विटामिन ''ए'' सिरप पिलाकर शिशु संरक्षण माह आरंभ किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे.पी.दीवान ने बताया कि शिशु संरक्षण माह कुल 10 सत्रों में मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुबह 9 से शाम 5 बजे के बीच आयोजित होगी। इसका उद्देश्य बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग मोतियाबिन्द, रंतौधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करना है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित गतिविधियां में विटामिन ए सिरप 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप, बच्चों में पोषण के स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी दी जाती है। जिले में विटामिन ''ए'' के हितग्राही बच्चे 75 हजार 882 एवं आयरन फोलिक एसिड सिरप के हितग्राही बच्चे की संख्या 80 हजार 345 है।

### शिक्षा विभाग के दो लिपिक तत्काल प्रभाव से निलंबित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 22 जनवरी।** खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कांकेर में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 श्रीमती जागृति साहू और श्रीमती दीपा निषाद को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि उपरोक्त दोनों लिपिकों के द्वारा पेंशन प्रकरण के निराकरण में अनावश्यक विलंब कर पैसे की मांग करने, पैसे की लेनदेन करने के वार्तालाप का ऑडियो वायरल होने एवं जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (3) 1 (क) के विपरीत पाए जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कांकेर की सहायक ग्रेड-02 श्रीमती जागृति साहू और श्रीमती दीपा निषाद को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 9 के तहत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में श्रीमती जागृति का मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भानुप्रतापपुर और श्रीमती दीपा का मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी नरहरपुर में नियत किया गया है।

# धोखाधड़ी करके आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाले संगठित गैंग का खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 22 जनवरी।** भाटापारा शहर अंतर्गत बैक खातो को खाता धारक से लेकर आपराधिक गतिविधियो मे उपयोग करने वाले आरोपीयो के विरूद्ध कार्यवाही करने मे भाटापारा शहर पुलिस को सफलता मिली है। मामले का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार,व शहर टी.आई परिवेश तिवारी ने बताया आवेदक जितेश कवरे नयापारा वार्ड द्वारा शहर थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उसके ॥ष्ठस्न्रष्ट बैक के खाता को उसके परिचित शुभम मंधान के द्वारा अपना दुकान खोलने के लिये बैंक खाते की आवश्यकता होना, बताकर उसके ्रञ्जरू कार्ड एवं रजिस्ट्रर्ड मोबाईल सीम को लिया था। बाद मे आवेदक को ज्ञात हुआ की उसके बैक खाता को आपराधिक वारदात मे उपयोग होने के कारण होल्ड कराया गया है। प्रार्थी के आवेदन पर आरोपी शुभम मंधान के विरूद्ध 318(4), 314,61 बीएनएस 7 छ.ग. जुआ(प्रतिषेध) अधिनियम का अपराध दर्ज कर अनुसंधान मे लिया गया। प्रकरण मे पुलिस द्वारा आरोपी शुभम मंधान को पकडा गया, जिससे पुछताछ करने पर उसने मई 2024 मे प्रार्थी जितेश कवरे के बैक खाता को अपने उपयोग मे लेने का झांसा देकर उसके खाता के ्रञ्जरू कार्ड को लिया था और अपने परिचित अन्य आरोपियो को उक्त खाता का ्रञ्जरू दिया था, जिसमे आपराधिक गतिविधियो से प्राप्त राशि का डिपोजिट एवं विड्राल किया जाता था एवं उक्त खाते मे 50 लाख से अधिक राशि का ट्रांजेक्शन होना स्वीकार किया है। आरोपी ने बताया की उसके द्वारा श्रीराम रात्रे, सोनु नारंग, हरिकेश घृतलहरे, इमरान खान, मो0 आदिल के साथ मिलकर एवं भाटापारा के कुछ अन्य व्यक्तियो के साथ मिलकर क्षेत्र के अन्य खाता धारको से अलग अलग बैक के खातो के ्रञ्जरू कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाईल सीम को प्राप्त कर आनलाईन गेमिंग, सट्टा आदि के वित्तीय अपराध मे दुरूपयोग करना स्वीकार किया। मामले मे हरिकेश सहित अन्य 05 आरोपियों को भी पुलिस द्वारा पकडकर पुछताछ किया गया है, जिन्होने बताया है कि उनके द्वारा क्षेत्र के कुछ अन्य खाता धारको को रूपये पैसे का लालच देकर धोखाधडी कर उनके बैक खाता के पासबुक, ्रञ्जरू कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाईल सीम को प्राप्त किया गया है और प्राप्त खातो को उनके द्वारा मामले मे शामिल अन्य आरोपीयो को पहुंचाया जाना तथा उक्त बैक खातो मे लाखो रूपये का ट्रांजेक्शन होना बताया गया है।

# जिला पंचायत सदस्य पद चुनाव के लिए क्षेत्र क्रमांक-6 में घमासान जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 22 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इन चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी है। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए क्षेत्र क्रमांक 06 के लिए घमासान जारी है

भाजपा विष्णु देवसाय के सुशासन को लेकर मैदान में उतरेगी तो वहीं कांग्रेस पार्टी वर्तमान सरकार की कमियों को लेकर पुनः मैदान में उतरेगी कांग्रेस पार्टी से बात करेंतो अभी कोई नाम सामने नहीं आया है जिला पंचायत सदस्य पद के लिए क्षेत्र क्रमांक 06 से के नाम पर चर्चा है. वहीं भारतीय जनता पार्टी से अनुराधा वर्मा श्रीमती शैल साहू ,आशा देवी असवंत साहू ,संतोषी मनहरण वर्मा सहित कुछ ऐसे नाम हैं जो प्रमुखता से सामने आ रहे हैं. त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को लेकर रायपुर जिला पंचायत क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए क्षेत्र क्रमांक 06 से शिक्षित और योग्य





उम्मीदवारों की चर्चा जोरों पर है। इसी क्रम में समाज सेवी महेंद्र साहू की पत्नी श्रीमती शैल साहू का नाम संभावित उम्मीदवार के रूप में सामने आ रहा है।वही भाजपा की दमदार और तुलसी की पूर्व सरपंच श्रीमती अनुराधा वर्मा का भी नाम जोर शोर से लिया जा रहा है आपको बता दे की अनुराधा वर्मा ने भी पार्टी आलाकमान से अपनी दावेदारी पेश कर दी है। उनकी इस दावेदारी और क्षेत्रवासियों के समर्थन से विरोधी खेमे में हलचल मच गई है। उनकी लोकप्रियता और जनता का विश्वास उन्हें चुनावी दौड़ में मजबूती प्रदान कर सकता है।अनुराधा वर्मा का कहना है की देश और प्रदेश में आधी आबादी के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है, पुरुषों के बराबर महिलाओं भागीदारी करने के तमाम प्रयास भी किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ अलग नजर आती है.महिला पंच ,सरपंच ,जनपद सदस्य ,और जिला पंचायत सदस्य हैं, लेकिन हुकूमत उनके पतियों की चलती है. वे महज कागजों पर दस्तखत का काम करती हैं.लेकिन मै अपने फैसले खुद लेती हु मेरी परिवार की कोई हस्तक्षेप नहीं रहता है पंचायती राज में महिलाओं को आरक्षण देकर प्रदेश सरकार ने उन्हें सशक्त बनाने की पहल की है। उम्मीद थी कि महिलाएं मुखिया बनकर गांव की सरकार चलाएगी, लेकिन जिले में ऐसा होता नहीं है । चुनाव जीतने के बाद ज्यादातर महिला प्रतिनिधि रबर स्टॉम्प बनकर रह जाती हैं, जबकि उनके पति उनकी कुर्सी चलाते हैं। आचार सहित लग चूका है चुनाव में अपनी दावेदारी पेश करने वाले प्रत्याशिओ को अब इंतजार है की पार्टी किसको समर्थन करती है।

### कन्हारपुरी वार्ड नं-34 से कौशल्या साहू ने भाजपा से की मजबूत दावेदारी

**राजनांदगांव 22 जनवरी।** शहर के एक बड़े आबादी वाले वार्ड कन्हारपुरी इस बार महिला के लिए आरक्षित होने से वार्ड की बहु



श्रीमती कौशिल्या साहू ने भाजपा से अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। वार्ड के लोक कलाकार श्री छन्नू - नत्थन साहू की बहु श्रीमती कौशिल्या साहू की दावेदारी से वार्ड के लोगों में हर्ष देखा जा रहा है। बता दें कि शुरू से ही जागरुक प्रवृत्ति की श्रीमती कौशिल्या साहू विगत 20 वर्षों से भाजपा से जुड़ी हुई है और सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में वार्ड में विशेष पहचान बनाए हुए है। उनके द्वारा वार्ड नं 34 से भाजपा से पार्षद चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी किए जाने से वार्ड की महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। खासकर श्रीमती कौशिल्या के महिला समूह, सामुदायिक भवन, मितानिन आदि से ?जुड़े होने के कारण वार्ड की आधी-आबादी का खुलकर सहयोग और साथ उसके पक्ष? मे बना हुआ है। चूंकि वार्ड के साहू परिवार की बहू श्रीमती कौशिल्या साहू वार्ड के साहू बहुल? वाले एक बड़े समाज से संबंध रखती है और वार्ड में होने वाले सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में खुल?कर साथ? एवं? सहभागिता देती रहती है इसलिए उसके वार्ड में पार्षद चुनाव लड़ने के नाम भर से अपने आप भाजपा के पक्ष में एक अच्छा माहौल क्रिएट हो रहा है।

**मधुसूदन यादव को सौंपा गया आवेदन :** कन्हारपुरी वार्ड की जागरूक महिला और सम्मानित परिवार की बहू श्रीमती कौशिल्या-रमेश साहू, बारहवीं तक शिक्षा प्राप्त है। इसके चलते उनमें सकारात्मक सोच व जागरूकता पूर्ण कार्य की ललक सदा बनी रहती है। वे अपने वार्ड को सर्वांगीण विकास के पथ पर ले जाना चाहती है जो अब तक नहीं हो पाया है। इसके लिए कन्हारपुरी वार्ड और यहां के लोगों की सेवा वह पार्षद बनकर करना चाहती है इसलिए उन्होंने शहर के लोकप्रिय महापौर रहे पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव को आवेदन सौप कर कन्हारपुरी से पार्षद यह लड़ने की प्रतिबद्धता दर्शाई है।श्रीमती कौशिल्या साहू के पार्टी के प्रति निष्ठा और अपने कर्तव्यों के प्रति जोश और जज्बा को देखते हुए उसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का साथ सहयोग और समर्थन के साथ उन्हें आशीर्वाद भी मिल रहा है। जन सेवा के कार्य के लिए पार्षदफी चुनाव को अच्छा मौका मानते हुए उन्होंने अपने वरिष्ठ नेताओ से अनुनय कर कहा है कि उन्हें वार्ड नं 34 कन्हारपुरी के पार्षद चुनाव में7 में भाजपा को बहुत अच्छे मतों से जीत दिलाने व पार्टी का परचम लहराने का मौका अवश्य देंगे। उक्ताशय की जानकारी वार्ड के सक्रिय भाजपा सदस्य एवं ख्याति नाम जस गायक मनहरण साहू मनु द्वारा दी गई है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई जाएगी शपथ

**उत्तर बस्तर कांकेर, 22 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों को 'मतदाता द्वारा ली जाने वाली शपथ' दिलाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 25 जनवरी को अवकाश होने के कारण 24 जनवरी पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय प्रांगण में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की शपथ दिलाई जाएगी।

# इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में प्रसारित राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन जरूरी

**धमतरी 22 जनवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान महापौर और नगरपंचायतों में अध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश अनुसार मतदान के अंतिम 48 घंटों में प्रकाशित होने वाले सभी राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से अनिवार्य रूप से कराना होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में राजनैतिक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जारी किए जाने वाले विज्ञापनों का प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने जरूरी निर्देश भी जारी किए है।

धमतरी जिले में नगरनिगम में महापौर और नगर पंचायतों में अध्यक्ष पदों पर निर्वाचन के लिए 11 फरवरी मंगलवार को मतदान होगा। इसे देखते हुए 9 फरवरी और 10 फरवरी को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को जिला पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है। इन दोनों दिन राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार-पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया जाता है।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर एमसीएमसी कमेटी गठित है। नगरीय निकाय निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी अपने राजनीतिक विज्ञापनों को जिला स्तरीय समिति से प्रमाणीकरण करा सकते हैं। इसके लिए प्रत्याशियों को विज्ञापन के प्रारूप की तीन प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

### कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने घायल बच्चों से भेंट कर स्वास्थ्य की जानकारी ली

**मोहला 22 जनवरी।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह ने सड़क दुर्घटना में घायल बच्चों को स्वास्थ्य हाल जानने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोटाटोला पहुंचे। कलेक्टर एवं एसपी ने यहां बच्चों एवं परिजनों से भेंट कर बच्चों के स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि बच्चों को सामान्य हल्की चोटें आई है। सामान्य उपचार के उपरांत सभी बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# कांग्रेस के कारण नगरीय निकाय में जनता रही विकास से वंचित, भाजपा करेगी जनता के सपनों को पूरा:अरुण साव

**रायपुर 22 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मूलतः उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही जनादेश परब में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। श्री साव ने कहा कि हमने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है। ऐसा कर हम यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के ÷वन नेशन वन एलेक्शन÷ की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। श्री साव ने कहा कि भाजपा ने अपने मंत्र ÷हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे÷ के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे है, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। श्री साव ने कहा कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ नगर निगमों में प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के शहरों के भविष्य को सँवारने और हर नागरिक के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध कल सुनिश्चित करने का मौका है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप कर दिए गए। श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले पाँच वर्ष में शहरी क्षेत्रों में भी कांग्रेस का कब्जा था, और कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की हुई दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है।

# जिले में शिशु संरक्षण माह का हुआ शुभारंभ

**उत्तर बस्तर कांकेर, 22 जनवरी ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया के द्वारा आज शिशु संरक्षण माह 2025 का शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीराम नगर कांकेर में किया गया। उन्होने बताया कि जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को किया जाएगा।

शिशु संरक्षण माह के दौरान 09 माह से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन-ए की खुराक 6 माह के अंतराल पर पिलाई जाएगी तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार मंगलवार एवं शुक्रवार को 1-1 एम.एल आयरन सिरप पिलाने के साथ नियमित टीकाकरण भी किया जाएगा। इसके अलावा कुपोषण की स्थिति की जांच एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की

### नाम परिवर्तन

मैं डालेश्वर कुमार पिता जागेश्वर प्रसाद नगर पंचायत, नया पारा उतई, जिला दुर्ग का निवासी हूं। मेरे पुत्र ओजस साहू के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम डालेश्वर साहू है। जो त्रुटी पूर्ण है उसे सुधार कर डालेश्वर कुमार पिता जागेश्वर प्रसाद किया जाये। जो मेरे आधार कार्ड में डालेश्वर कुमार दर्ज है। वही सही है।

डालेश्वर कुमार

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501093400009

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- राधा देवी अहिरवार,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राधादेवी अहिरवार पति स्व. अनिल अहिरवार जाति अहिरवार निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के पुत्री विवा अहिरवार पिता स्व. अनिल अहिरवार की जन्म दिनांक 23.11.2011 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 05.02.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501093400010

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- राधा देवी अहिरवार,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राधादेवी अहिरवार पति स्व. अनिल अहिरवार जाति अहिरवार निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के पुत्री दीपांजली पिता स्व. अनिल अहिरवार की जन्म दिनांक 23.04.2009 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 05.02.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501093400008

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- राधा देवी अहिरवार,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राधादेवी अहिरवार पति स्व. अनिल अहिरवार जाति अहिरवार निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के पुत्र शिवांश अहिरवार पिता स्व. अनिल अहिरवार की जन्म दिनांक 24.02.2014 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है. के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 05.02.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़

# युवाओं को औद्योगिक अनुभव देकर सशक्त कर रहा है वेदांता एल्युमिनियम



**रायपुर, 22 जनवरी।** भारत के सबसे बड़े एल्युमिनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमिनियम ने भारत के युवाओं को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। इस अवसर पर कंपनी ने कई बहुआयामी पहलों की घोषणा की, जिसमें भारत सरकार की प्रधानमंत्री (पीएम) इंटर्नशिप योजना, जैसी सरकारी पहलों को समर्थन देना और ग्रामीण युवाओं को प्रगति के अधिक अवसर प्रदान करने के लिए सामाजिक प्रभाव परियोजनाओं को शुरु करना शामिल है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के जरिए वेदांता एल्युमिनियम अपने मेगा इंडस्ट्रियल ऑपरेशंस में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण व्यावहारिक औद्योगिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रही है। वर्तमान में, दुनिया के सबसे बड़े एल्युमिनियम संयंत्र (झारसुगुडा, ओडिशा) में कंपनी के ऑपरेशनल एरिया में 18 प्रशिक्षुओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्थित भारत की आइकॉनिक एल्युमिनियम उत्पादक भारत एल्युमिनियम कंपनी (बाल्को) में 4 प्रशिक्षुओं को शामिल किया गया है।

भारत के सबसे बड़े एल्युमिनियम उत्पादक के तौर पर दोनों संयंत्र अत्याधुनिक तकनीकों और इंडस्ट्री-बैस्ट प्रैक्टिसेस पर अमल करते हैं, जो प्रशिक्षुओं को आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया की अनमोल झलक देते हैं। ये प्रशिक्षु वर्तमान में ऑपरेशंस, सस्टेनेबिलिटी और डिजिटल इनोवेशन जैसे अहम व्यावसायिक क्षेत्रों में जारी प्रभावशाली प्रोजेक्ट्स में कार्यरत हैं, जिससे उनके व्यावहारिक कौशल में बढ़ोतरी होगी और वे भावी नेतृत्व भूमिकाओं के लिए तैयार होंगे।

पीएम इंटर्नशिप योजना का लाभ ले रही सोनाली दाश ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, ''वेदांता एल्युमिनियम में इंटर्नशिप से बहुत कुछ सीखने को मिला। इसने मुझे सस्टेनेबिलिटी पर केंद्रित प्रोजेक्ट्स पर काम करने और इंडस्ट्री की ज़रूरतों के बारे में जानकारी हासिल करने का मौका दिया, जिससे मुझे अपने करियर के लिए एक मज़बूत बुनियाद बनाने में मदद मिलेगी।''

एक अन्य प्रशिक्षु, उज्जल पात्रा ने भी सोनाली के विचारों से सहमती जताते हुए कहा, ''वेदांता एल्युमिनियम में काम करना हमारे ज्ञान को बढ़ाने वाला अनुभव रहा है। लाइव इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स में शामिल होने से मुझे थ्योरी और प्रैक्टिकल के बीच के अंतर को समझने का अवसर मिला, साथ ही मेरी टेक्निकल और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल में भी वृद्धि हुई।'' इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए, वेदांता एल्युमिनियम के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुनील गुप्ता ने कहा, ''स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस को हम राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं, उन्होंने हमेशा भारत को अपने युवाओं की असीम क्षमता का उचित उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

